# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, सोमवार 24 नवंबर 2025


# 11 माह में देशभर में 320 नक्सली मारे गए, इनमें अकेले बस्तर में ही मरने वालों की संख्या 243

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नक्सलियों ने एक पर्चा जारी कर हुए मारे गए साथियों की जानकारी दी है। इस दौरान उन्होंने यह स्वीकारा है कि पोलित ब्यूरो मेंबर और महासचिव बसवा राजू का एनकाउंटर संगठन का बड़ा नुकसान है। नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने जारी किए गए बुकलेट के अनुसार पिछले 11 महीने में देशभर में उनके कुल 320 साथी मारे गए हैं। इनमें 8 सेंट्रल कमेटी के सदस्य हैं, जबकि 15 राज्य समिति मेंबर्स हैं। पोलित ब्यूरो मेंबर और महासचिव बसवा राजू के एनकाउंटर को नक्सल संगठन ने बड़ा नुकसान माना है। नक्सलियों ने 2 से 8 दिसंबर तक 25वीं वर्षगांठ मनाने की बात कही है। नक्सल संगठन की सेंट्रल कमेटी ने 17 पेज का एक बुकलेट जारी किया है। इस बुकलेट में लिखा है कि दिसंबर 2024 से नवंबर 2025 तक इन 11 महीनों में देशभर में पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ है, जो 320 साथी मारे गए हैं, उनमें 187 पुरुष और 117 महिलाएं हैं। हालांकि, अन्य 20 लोगों का विवरण केंद्रीय कमेटी के पास भी नहीं है। नक्सलियों ने कहा कि भूपति और सतीश गद्दार हैं। उनके नेतृत्व में 299 लोगों ने आत्मसमर्पण किया है।

## इनमें 8 सेंट्रल कमेटी, 15 राज्य समिति के सदस्य, बसवा राजू के एनकाउंटर को माना बड़ा नुकसान

### किस राज्य में कितने मारे गए

नक्सलियों के मुताबिक, बिहार-झारखंड में 22, ओडिशा में 33, महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ (एमएमसी) बॉर्डर पर 6, तेलंगाना में 8, एओबी में 6, दंडकारण्य (दक्षिण बस्तर) में 243 साथी मारे गए हैं। इनमें 8 सीसीएम, 15 एससीएम, 25 जिला कमेटी स्तर, 73 एसीएम, 116 पार्टी सदस्य, 13 पीएलजीए सदस्य, 33 स्थानीय जन निर्माण के सदस्य शामिल हैं। अन्य 37 कैडर्स की जानकारी केंद्रीय समिति के पास नहीं है।



### विस्फोटक सामग्री के साथ सात माओवादी और 2 सहयोगी गिरफ्तार

**बीजापुर।** भोपालपटनम और नैमेड़ थाना के सर्चिंग अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता मिली। पुलिस ने असला बारूद एवं विस्फोटक सामग्री के साथ 7 माओवादियों को गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार माओवादी गतिविधियों के विरुद्ध संचालित अभियान के तहत आज कांडका जपेली के जंगल में सर्चिंग के दौरान 5 माओवादी को विस्फोटक सामग्री के साथ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### फैवट फाइल

## सुधार व पुनर्वास का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा

*बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पट्टलिंगम ने कहा है कि सरकार बस्तर के हर हिस्से में समावेशी विकास, स्थायी शांति और सार्थक प्रगति के लिए दृढ़ संकल्पित है। सड़कों, स्कूलों, अस्पतालों, आजीविका कार्यक्रमों, कल्याणकारी योजनाओं और कनेक्टिविटी में हो रहे तेज परिवर्तन उन दूरस्थ क्षेत्रों को नया जीवन दे रहे हैं, जहां माओवादी हस्तक्षेप के कारण वर्षों तक बुनियादी सुविधाओं का अभाव था। पहले भय और अलगाव में जीने वाली समुदाय अब आत्मविश्वास, उम्मीद और शांति की मजबूत इच्छा के साथ आगे बढ़ रहे हैं। आईजी ने कहा कि सरकार की ओर से सभी माओवादी कैडरों चाहे वे पीएलजीए यूनिटों, स्थानीय संगठनों या उच्च स्तरीय संरचनाओं में हों से दृढ़ अपील करते हैं कि वे हिंसा का रास्ता छोड़ें, हथियार डालें और मुख्यधारा में लौट आएं। सम्मानजनक जीवन, सुरक्षा, पुनर्वास और प्रगति के अवसर प्रत्येक आत्मसमर्पण करने वाले का इंतजार कर रहे हैं। जो भी ईमानदारी से लौटना चाहता है, उसके लिए सुधार और पुनर्वास का दरवाजा हमेशा खुला रहेगा। बस्तर की जनता को शांति, अवसर और विकास चाहिए न कि भय, रक्तपात और झूठे वादे।*


आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) = | ₹92276/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) = | ₹112700/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) = | ₹123023/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply


## आबकारी-डीएमएफ घोटाले में ईओडब्ल्यू-एसीबी का एक्शन, रायपुर-दुर्ग समेत छह जिलों में छापे

# अधिकारी, कर्मचारी और कारोबारियों के 19 ठिकानों पर छापे, कैश-जमीन के दस्तावेज जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

प्रदेश में हुए आबकारी तथा डीएमएफ घोटाले में ईओडब्ल्यू और एसीबी के चार दर्जन से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारियों ने छह जिलों में 19 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की है। कार्रवाई रविवार तड़के 5 बजे के करीब शुरू की गई। अलग अलग टीमों ने रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, कोंडागांव, धमतरी और बलरामपुर में धावा बोला। इस दौरान ईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा कैश के साथ प्रॉपर्टी के दस्तावेज जब्त किए जाने की बात सामने आ रही है।

डीएमएफ घोटाले में हरपाल सिंह अरोड़ा, उनसे जुड़े व्यक्तियों और ठेकेदारों के यहां रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा, कोंडागांव, धमतरी एवं बलरामपुर में 11 स्थानों पर छापे की कार्रवाई की गई। शराब घोटाले के आरोप में जेल में बंद अनिल टुटेजा और निरंजन दास के परिजनों के बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग और बस्तर के 8 ठिकानों पर छापे की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि ईओडब्ल्यू-एसीबी ने 29 अक्टूबर को डीएमएफ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 29 अक्टूबर को 14 ठिकानों की जांच के बाद छापे की कार्रवाई

### जिनके यहां छापे की कार्रवाई हुई, उनमें पूर्व आईएएस के रिश्तेदार भी शामिल

### इनके यहां छापे की कार्रवाई

रायपुर में कारोबारी और सप्लायर हरपाल अरोरा के लॉ-विस्टा कॉलोनी स्थित निवास पर टीम ने पड़ताल की। इधर, दुर्ग जिले के भिलाई में पूर्व आबकारी आयुक्त निरंजन दास के ठिकानों पर छापा मारा गया। वहीं धमतरी की पूर्व विधायक जया बेन दोशी के पोते केतन दोशी के महालक्ष्मी ग्रीन स्थित निवास में दबिश दी गई। केतन रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े हैं। यहां जांच के बाद टीम कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गई। इसके अलावा सरगुजा में पशु चिकित्सक डॉ. तनवीर अहमद और अंबिकापुर के सत्तीपारा निवासी सप्लायर अमित अग्रवाल के ठिकानों पर छापे की ▶▶| शेष पेज 7 पर



### इन जिलों में इतनी जगह जांच

- **डीएमएफ घोटाला-** रायपुर में हरपाल सिंह अरोड़ा एवं उससे जुड़े लोगों के चार ठिकाने, बिलासपुर में 2, सरगुजा में 2, कोण्डागांव में 1, धमतरी में 1, बलरामपुर में 1, इस तरह डीएमएफ घोटाले में कुल 11 स्थानों पर छापे की कार्रवाई
- **शराब घोटाला-** जेल में बंद अनिल टुटेजा एवं निरंजन दास के परिजनों के बिलासपुर जिले में 4, रायपुर में 2, दुर्ग में 1, बस्तर में 1, कुल 8 स्थानों पर सर्च की गई। कार्यवाही के दौरान महत्वपूर्ण दस्तावेज एवं इलेक्ट्रानिक साक्ष्य जब्त किए गए हैं। साक्ष्य अनुसंधान में शामिल कर जांच जारी है।

### लॉक खुलवाकर दुकान में घुसी टीम

*कोंडागांव में कारोबारी कोणार्क जैन के निवास पर छापे की कार्रवाई कंपलीट कर निकलने के बाद ईओडब्ल्यू-एसीबी की टीम कारोबारी के दुकान चोपड़ा मेटल पहुंची। दुकान बंद मिलने पर ताला खुलवाकर वहां जांच की। कोणार्क जैन का नाम डीएमएफ घोटाला में शामिल है।*

### बिलासपुर-सरगुजा में एसीबी और ईओडब्ल्यू की दबिश

बिलासपुर। एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने रविवार की बिलासपुर और अंबिकापुर क्षेत्र में कार्रवाई की। बिलासपुर में सुबह रिटायर्ड आईएएस अनिल टुटेजा के भाई अशोक टुटेजा के घर पर दबिश दी। दयालबंद और जगमल चौक के आसपास यह जांच सुबह से लेकर शाम तक चली। इसमें तीन गाड़ियों में भरकर 20 से अधिकारी पहुंचे थे। अधिकारियों के तहत यह कार्रवाई शराब और डीएमएफ घोटाले की जांच के तहत की गई। इसी तरह सरगुजा में एक साथ तीन ठिकानों पर दबिश ▶▶| शेष पेज 7 पर



### डाक्टर और व्यापारियों के घर छापे

सरगुजा क्षेत्र में एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू की टीम ने रविवार की सुबह शहर के पर्राडांड निवासी डॉ. तनवीर अहमद और सत्तीपारा कॉलोनी निवासी अमित अग्रवालों के ठिकानों पर दबिश दी। टीम में शामिल अधिकारी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच घरों में पहुंचे। ध्यान रहे कि डॉ. तनवीर अहमद पूर्व की भूपेश बघेल सरकार में पशु चिकित्सा के उप संचालक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### महानगरों में खपाने की थी साजिश

## 1.30 करोड़ की हशीश तेल के साथ धरे गए दो तस्कर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नशे के खिलाफ चलाए जा रहे मुहिम के तहत कार्रवाई करते हुए बोधघाट पुलिस ने 10 किलो से अधिक हशीश तेल बरामद कर दो राज्यों के दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रदेश में यह पहला मामला है, जब एक साथ 10 किलो से अधिक हशीश तेल बरामद की गई है। बरामद मादक पदार्थ हशीश की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 29 लाख 95 हजार रुपए आकी गई है।

नशे के खिलाफ बस्तर पुलिस की अब तक की यह सबसे बड़ी ▶▶| शेष पेज 7 पर

### मलकानगिरी इलाके से होती है तस्करी

आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद स्पेशल टीम का नेतृत्व कर रहे निरीक्षक लीलाधर राठौर व अन्य सदस्य मलकानगिरी के उन बीहड़ों में पहुंची, जहां गांजा की तस्करी होती है। ओडिशा में जांच के बाद आरोपियों के कब्जे से हशीश की अब तक की सबसे बड़ी खेप बरामद की गई। गौरतलब है कि मादक पदार्थ गांजा की सबसे बड़ी पैदावार ओडिशा के मलकानगिरी इलाके में की जाती है। यहीं से पूरे देश में मादक पदार्थ गांजा की सप्लाई की जाती है। तस्कर कम कीमत ▶▶| शेष पेज 7 पर

### हैदराबाद में इलेक्ट्रिशियन की आड़ में तस्करी

सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी हैदराबाद में इलेक्ट्रिशियन का काम करते है तथा इसी की आड़ में मादक पदार्थ की तस्करी किया करते थे। इलेक्ट्रिशियन काम की आड़ में मलकानगिरी ओडिशा से अधिक पैसा कमाने की लालच में मादक पदार्थ गांजा का तेल हशिश की तस्करी करने की नीयत से मलकागिरी ओडिशा से सुकमा, दरभा, केशलूर होते हुए दोनों मिलकर हैदराबाद, मुंबई, पुणे तथा अन्य बड़े शहरों में विक्रय व सप्लाई किया करते थे।

## खबर संक्षेप

### दो तस्करों से दुर्लभ प्रजाति के 74 कछुए बरामद

**मैनपुरी।** मैनपुरी जिले के करहल थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दुमिला सीमा क्षेत्र से दो कछुआ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दुर्लभ प्रजाति के 74 कछुए बरामद किए। इन कछुओं को पड़ोसी उत्तराखंड राज्य के उधमसिंह नगर ले जाया जा रहा था। कार से दुर्लभ प्रजाति के 74 कछुओं को बरामद कर यनेन्द्र गंगवार और अर्श पठानिया को गिरफ्तार कर लिया।



### घर में मृत पाए गए दंपति और दो बच्चे

**दुमका।** झारखंड के दुमका जिले में रविवार सुबह एक दंपति और उनके दो बच्चे घर में मृत पाए गए। मृतकों की पहचान वीरेंद्र मांझी (30), उनकी पत्नी आरती कुमारी (26), उनकी बेटी रूही कुमारी (4) और बेटे विराज कुमार (2) के रूप में हुई है। यह घटना हंसडीहा पुलिस थानाक्षेत्र के बरदाही गांव में हुई। हंसडीहा पुलिस थाने के प्रभारी ताराचंद ने कहा, हमने घर से चार शव बरामद किये हैं। व्यक्ति ने अपनी पत्नी और दो बच्चों का कथित तौर पर गला घोंट दिया।

### पुलिस ने सातवें संदिग्ध को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने बेंगलुरु में नकदी भरे वाहन से 7.11 करोड़ रुपए की लूट के मामले में सातवें संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया है। संदिग्ध इस मामले में पहले से ही गिरफ्तार एक व्यक्ति का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस ने लूट के सिलसिले में छह लोगों की गिरफ्तारी और लूटे गए कुल 7.11 करोड़ रुपये में से 6.29 करोड़ रुपए बरामद होने की घोषणा की।



### 50 लाख की याबा टैबलेट के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** असम में एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर को 50 लाख रुपए से अधिक कीमत की याबा टैबलेट के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दी। यह अभियान दक्षिण सलमारा जिले में संचालित किया गया। शर्मा ने शनिवार शाम को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मिली एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए दक्षिण सलमारा पुलिस ने एक ठिकाने पर छापा मारा और वहां से 51 लाख रुपए कीमत की 10,200 याबा टैबलेट जब्त कीं।

### दिल्ली ब्लास्ट केस

# बारूद से भरे ड्रोन से हमले का था प्लान!



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली ब्लास्ट केस एक और बड़ा खुलासा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी हैंडलर लंबी दूरी तक मार करने वाले ड्रोनों की खेप भारत पहुंचानी थी। 10 किलो तक वजन उठाने की क्षमता वाले ड्रोन को अलग-अलग पार्ट्स के तौर पर भारत भेजने की साजिश रची जा रही थी, लेकिन फरीदाबाद में आतंकी मॉड्यूल के भंडाफोड़ होने के बाद इस तबाही की साजिश का पर्दाफाश हो गया। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तानी हैंडलर की किसी दूसरे देश से एक्सपोर्ट कंपनी के जरिये ड्रोन के पार्ट्स भारत भेजने की प्लानिंग हुई थी।

सूत्रों का कहना है कि भारत की किसी इंपोर्ट कंपनी के जरिये ड्रोन के कलपुर्जों का ऑर्डर मंगाया जाना था। ठीक वैसे ही ड्रोन जिनसे पाकिस्तान से हथियार और ड्रग्स की स्मगलिंग होती है।

### आतंकवादियों का आपस में ही था झगड़ा

विस्फोट में शामिल कार चला रहे उमर-उन-नबी को लेकर यह भी खुलासा हुआ है। सूत्रों का कहना है कि जांच एजेंसियों की गिरफ्त में मौजूद अदील अहमद राठेर से उसके गंभीर मतभेद थे। अदील भी उमर के साथ विस्फोट का साजिशकर्ता है। जांच अधिकारियों के मुताबिक, हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े कश्मीरी डॉक्टर उमर-उन-नबी की सोच इस्लामिक स्टेट (आईएसआई) से मिलती थी। वहीं मॉड्यूल के बाकी सदस्य अल-कायदा समर्थक ग्रुप्स से जुड़े थे, जिनमें अंसार गजवत-उल-हिंद भी शामिल है। हालांकि आईएसएस और अल-कायदा दोनों सलाफीवाद और हिंसक जिहाद की विचारधारा से निकले हैं।

### हरियाणा शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव तलब

फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी एनआईए समेत तमाम सुरक्षा एजेंसियों के राडार पर है। अब तक जांच में अल फलाह यूनिवर्सिटी से कई खतरनाक आतंकियों का कनेव शन भी सामने आ चुका है। 12 नवंबर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद ने यूनिवर्सिटी को मान्यता से जुड़े दावों पर नोटिस जारी किया था, जबकि अब राष्ट्रीय अल्पसंख्यक शैक्षणिक संस् थान आयोग ने अल फलाह मेडिकल कॉलेज के 'अल्प संख्यक' दर्जे को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### संघ प्रमुख भागवत ने गीता अध्ययन की दी सलाह

# अर्जुन की तरह ही लड़खड़ा रही दुनिया...गीता दिखाएगी रास्ता

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि नैतिक भ्रम, संघर्ष और शांति की कमी से जूझ रहे विश्व के लिए भगवद् गीता कालातीत मार्गदर्शन प्रदान करती है। यहां जनेश्वर मिश्र पार्क में रविवार को आयोजित 'दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल औपचारिकता मात्र नहीं है, बल्कि लोगों को गीता के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा, ▶▶| शेष पेज 7 पर



### लाभ-हानि की चिंता छोड़ो

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि हमारा देश दुनिया का विश्व गुरु था। भारत में बाद में आक्रमण हुए, धर्मांतरण हुए, लेकिन फिर भी आज भारत है। अब राम मंदिर पर झंडा फहराने वाले है। हमें अपनों की चिंता न करके जो करना है, वो करना है। लाभ-हानि, यश-अपयश की चिंता छोड़कर देश और धर्म के लिए अपना कर्तव्य करते रहना है। भगवतगीता सदैव के लिए एक दीप है। गीता के अनुसार अपने जीवन में परिवर्तन लाना है।

### युवा कांग्रेस की कलह सामने आई

# राजनांदगांव में पदाधिकारियों ने ठुकराया प्रदेश प्रभारी का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के भीतर चल रही अंदरूनी कलह अब खुलकर सड़कों पर उतर आई है। जिले के निर्वाचित पदाधिकारियों ने रविवार को आयोजित होने वाले बड़े कार्यक्रम से पूरी तरह किनारा कर लिया। प्रदेश प्रभारी अमित पठानिया के प्रवास और राष्ट्रीय-प्रदेश नेताओं की मौजूदगी के बावजूद स्थानीय युवा कांग्रेस नेतृत्व ने कार्यक्रम स्थल से दूरी बनाए रखी। इसका सीधा असर यह हुआ कि आयोजन में युवा कांग्रेस का प्रतिनिधित्व लगभग नगण्य रहा। ▶▶| शेष पेज 7 पर




### बैनर पोस्टर के जरिए विरोध

विरोध की आग सोशल मीडिया से निकलकर अब शहर की दीवारों पर भी पहुंच गई है। युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर पोस्टर लगाए हैं, जिनमें साफ-साफ लिखा है, "युवा कांग्रेस के नाम पर अवैध वसूली बंद करो"। इन पोस्टरों में कुछ वरिष्ठ नेताओं के नाम भी खुले आम लिए गए हैं। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि विभिन्न आयोजनों, सदस्यता अभियान और प्रशिक्षण शिविरों के नाम पर बड़े पैमाने पर पैसे वसूले जा रहे हैं, लेकिन उसका हिसाब कोई नहीं देता।

### सीजेआई गवई रिटायर, आज शपथ लेंगे जस्टिस सूर्यकांत

# आर्टिकल-370 और एसआईआर जैसे मामलों में लिए ऐतिहासिक फैसले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

न्यायमूर्ति सूर्यकांत सोमवार को भारत के 53वें प्रधान न्यायधीश के रूप में शपथ लेंगे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निरस्त करने संबंधी फैसले, बिहार मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, पेगासस स्पाइवेयर मामला सहित कई ऐतिहासिक फैसलों और आदेशों का हिस्सा रहे हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत न्यायमूर्ति बी. आर. गवई की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल रविवार शाम समाप्त हो गया।

गत 30 अक्टूबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत को अगले प्रधान न्यायधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और वह इस पद पर लगभग 15 महीने तक रहेंगे। वह 65 वर्ष की ▶▶| शेष पेज 7 पर



### लंबित मामलों को प्राथमिकता देंगे नए सीजेआई सूर्यकांत

पत्रकारों से बातचीत में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उनका सबसे बड़ा फोकस देशभर की अदालतों में लंबित मुकदमों को तेजी से निपटाने पर होगा। उन्होंने कहा कि वे ऐसे मामलों की पहचान करेंगे जो वर्षों से न्यायिक प्रक्रिया को रोक रहे हैं।

### पहली बार छह देशों के चीफ जस्टिस और जज

शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के मुख्य न्यायाधीश और न्यायाधीश शामिल होंगे। यह पहली बार है जब किसी भारतीय मुख्य न्यायाधीश के शपथ ग्रहण समारोह में कोई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। प्रतिनिधिमंडल में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरीशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा उनके परिवार के सदस्य शामिल हैं।

### कई ऐतिहासिक फैसले

- रक्षा बलों के लिए 'वन रैंक-वन पेंशन' (ओआरओपी) योजना को भी बरकरार रखा था और इसे संवैधानिक रूप से वैध बताया तथा सशस्त्र बलों में स्थायी कमीशन में समानता का अनुरोध करने वाली महिला अधिकारियों की याचिकाओं पर सुनवाई जारी रखी।
- न्यायमूर्ति सूर्यकांत उन सात न्यायाधीशों की पीठ में भी थे, जिसने 1967 के एएमयू के फैसले को खारिज कर दिया था, जिससे उसके अल्पसंख्यक दर्जे पर पुनर्विचार का रास्ता खुल गया था।
- न्यायमूर्ति सूर्यकांत उस पीठ का भी हिस्सा थे जिसने कुछ लोगों की निगरानी के लिए इजराइली स्पाइवेयर पेगासस के कथित उपयोग की जांच के लिए साइबर विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी।
- न्यायमूर्ति सूर्यकांत उस पीठ का हिस्सा थे जिसने 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पंजाब ▶▶| शेष पेज 7 पर


उड़ान ™
(A UNIT OF MAA SHARDAA VIDYA EDUCATIONAL SOCIETY) ®
Udaan IAS
Administrative Academy
गुणवत्ता, सफलता एवं विश्वसनीयता का पर्याय
An Institute For All Competitive Exam
15 वर्षों से निरंतर आपकी सेवा में...
CGPSC राज्य सेवा परीक्षा - 2024
सभी चयनितों को हार्दिक बधाई
श्री अंकित अग्रवाल
FOUNDER & DIRECTOR
UDAAN IAS ADMINISTRATIVE ACADEMY
पूर्व चयन : UPSC, CGPSC , MPPSC (साक्षात्कार)
कुल चयन - 81+
प्रयास से परिणाम तक
प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के विभिन्न चरण में सम्मिलित अभ्यर्थी
D.C
YASHWANT DEWANGAN
DSP
NISHA THAKUR
HARSH VARDHAN SHARMA
SANDEEP KUMAR
SUNIL KUMAR KASHYAP
ALOK SINGH MARKAM
RAJESH KUMAR SAHU
TUSHAR MANDAVI
DEO
PRASHANT VERMA
FSO
DEEPAK KUMAR
ADFD
ROSHAN OGREY
ADPRD
GAURAV SAHU
ADSWD
NITIN KUMAR
CEO JANPAD
RISHABH KAMBLE
SASO
AMAN KUMAR
GAURAV KUMAR SONI
SAGAR RATHORE
KARISHMA KUTCHH
BHOOPESH KUMAR SINGH
JAYANT KUMAR
SASO
AJAY KUMAR
MADHURI PAIKRA
NT
YOGENDRA
KARAN SONI
RANTIDEV RATHORE
HEMLAL SIDAR
CTI
KHUSHBU SONI
NARENDRA DEWANGAN
KAVITA DEWANGAN
KIRAN
CTI
NIRAJ KUMAR GUPTA
SANDHYA
NIKHIL KESARI
APURV MISHRA
POONAM
AKHILESH SINGH RAJPUT
SHASHANK SHANKAR TIWARI
BHUPENDRA KUMAR JANGHEL
PRAMILA
AKASH KUMAR TANDON
ESI
BHUPENDRA PRATAP LODHI
PRINCE KUMAR KUSHWAHA
AJAY KUMAR DEWANGAN
PRATEEK MAHOBIYA
MONGARA PATEL
PUSHPENDRA PRATAP
JIVESH MISHRA
HITESH KUMAR
SARITA SAHU
RAKESH KUMAR DEWANGAN
ESI
AARTI SAHU
PRIYA GUPTA
DEVASHISH
TIKENDRA KUMAR SAHU
AJAY KUMAR
GULSHAN KUMAR
SHASHI KANT DESHLAHRE
MAMTA
TRIVENI GADHIYA
ABHISHEK KAMAL
ESI
CHINTAMANI RATHOR
RAJESH
PRAVEEN KUMAR THAKUR
NANI RAM
DUSHYANT CHANDRAVANSI
JYOTI SAGAR
ANUJA BECK
RAHUL SINGH
DEVENDRA KUMAR
PRAMOD KUMAR MADHUKAR
ESI
GIRJASHANKAR BAGHEL
SR
ANANT GUPTA
HARSH KUMAR VARMA
ARVIND MAHILANGE
BHUNESHWAR SINGH MARKAM
HARISH KUMAR KANWAR
COI
KULDEEP PATEL
OJASWEE KUMAR
AJS
KALESHWAR
HEMANT KUMAR
KISHOR KUMAR JAISWAL
नोट :- इस सेलेक्शन लिस्ट में टेस्ट सीरीज के उम्मीदवारों को सम्मिलित नहीं किया गया है।
Udaan IAS
Administrative Academy
UPSC | CGPSC | CGVYAPAM
रायपुर (हेड ऑफिस) : 0771-4028879, 9617702862 | रायपुर (सिटी प्लाजा ब्रांच) : 0771-4345531, 7569961198 | रायपुर (सेंट्रल लाइब्रेरी ब्रांच ): - 0771-4028879, 92433-27300
बिलासपुर : 07752-467457, 9685008595 | दुर्ग : 0788-4015140, 9617702863 | राजनांदगाँव : 07744-471415, 7000644083 | अंबिकापुर : 0777-4359631, 7828333058| जगदलपुर : 07782-359562, 7879380812

रायपुर, सोमवार, 24 नवंबर 2025 | अगहन शुक्ल पक्ष चतुर्थी | वर्ष : 24, अंक : 126 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित | समाचार ही नहीं, विचार भी



दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान रविवार को कर दिया गया। इस सीरीज में भारतीय टीम की कप्तानी विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल करेंगे। नियमित कप्तान शुभमन गिल नेक इंजरी के चलते सेलेक्शन के लिए उपलब्ध नहीं थे, इसी कारण राहुल को ये बड़ी जिम्मेदारी मिली है। तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मैच छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 3 दिसंबर को खेला जाएगा।

## रायपुर में राहुल की कप्तानी में मैच तिलक-ऋतुराज की वन डे टीम में एंट्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली/रायपुर

खास खबर

भारतीय वनडे टीम में तिलक वर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ को भी शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले ऋतुराज की अरसे बाद भारतीय टीम ⏭ शेष पेज 7 पर







### राजधानी रायपुर में तीन दिसंबर को भारत-दक्षिण अफ्रीका वनडे सीरीज का दूसरा मैच

**भारत और दक्षिण अफ्रीका सीरीज**

पहला वनडे- 30 नवंबर, रांची
दूसरा वनडे- 3 दिसंबर, रायपुर
तीसरा वनडे- 6 दिसंबर, विशाखापत्तनम
पहला टी20- 9 दिसंबर, कटक
दूसरा टी20- 11 दिसंबर, मुल्लांपुर
तीसरा टी20- 14 दिसंबर, धर्मशाला
चौथा टी20- 17 दिसंबर, लखनऊ
पांचवां टी20- 19 दिसंबर, अहमदाबाद

### रांची में पहला मुकाबला

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज का पहला मुकाबला 30 नवंबर को रांची में होना है। फिर 3 दिसंबर को रायपुर में दूसरा और 6 दिसंबर को विशाखापत्तनम में सीरीज का तीसरा मुकाबला खेला जाएगा। इसके बाद दोनों देशों के बीच 9 दिसंबर से पांच मैचों की टी20 सीरीज भी होनी है, जिसके लिए भारतीय टीम का ऐलान बाद में होगा।

### 15 सदस्यीय भारतीय टीम

रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, केएल राहुल (कप्तान/विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, नीतीश कुमार रेड्डी, हर्षित राणा, ऋतुराज गायकवाड़, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह और ध्रुव जुरेल।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पिता की तबीयत खराब मंधाना की शादी टली

**सांगली।** स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास के बीमार पड़ने के कारण भारतीय महिला टीम की इस दिग्गज क्रिकेटर और संगीतकार पलाश मुच्छल की शादी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मंधाना और पलाश की शादी रविवार 23 नवंबर को होनी थी।



### मंदिर से लौट रहे मां-बेटे की हादसे में मौत

**हाथरस।** हाथरस जिले में मंदिर से पूजा कर लौट रहे मां- बेटे की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में इगलास मार्ग पर तब हुआ जब एक डंपर ने शिक्षा मित्र ललितेश शर्मा (40) और उनके 14 वर्षीय बेटे उदय शर्मा को टक्कर मार दी। पवह पति तेजस शर्मा और बेटे के साथ मंदिर गईं थीं और वहां पूजा करने के बाद लौट रही थीं। सड़क पर घायल पड़े मां-बेटे को मौके पर मौजूद लोगों ने जिला बागला अस्पताल पहुंचाया।

### फुटपाथ पर फेंके मिले आधार कार्ड

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने रविवार कोलकाता के पास साल्ट लेक इलाके में फुटपाथ पर फेंके गए कई आधार कार्ड मिले हैं। सुबह की सैर पर निकले लोगों ने देखा कि मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित अन्य राज्यों के पते वाले आधार कार्ड एक मैदान के पास फुटपाथ पर पड़े हुए थे।



### यूपी में घुसपैठियों पर कार्रवाई की तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में घुसपैठियों पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में नेपाल सीमा के साथ ही बड़े शहरों में खुफिया एजेन्सियां, एटीएस और अन्य सुरक्षा से जुड़े संगठन तेजी से सक्रिय हो गए है। डीएम और कप्तान ने मातहतों को विदेशी नागरिकों के हर दस्तावेज की गम्भीरता से जांच करने के निर्देश दिए हैं। पिछले कुछ वर्षों में सीमा पर स्थित जिलों में घुसपैठ की घटनाएं काफी बढ़ गई।

### कश्मीर में गोली लगने से अग्निवीर शहीद

**नैनीताल।** उत्तराखंड के अग्निवीर दीपक सिंह जम्मू-कश्मीर के पुंछ में संदिग्ध परिस्थितियों में गोली लगने से शहीद हो गए। 23 साल के दीपक मूल रूप से चंपावत के खरही गांव के रहने वाले थे और 10 दिन पहले ही छुट्टियां खत्म कर ड्यूटी पर लौटे थे। भारतीय सेना की 18 कुमाऊं रेजिमेंट में बतौर अग्निवीर तैनात दीपक एलओसी पर ड्यूटी दे रहे थे। दोपहर के समय उन्हें गोली चलने की आवाज आई।



### जोहान्सबर्ग में भारत, ब्राजील, दक्षिण-अफ्रीका संवाद मंच की बैठक में बोले पीएम मोदी

# यूएन में सुधार विकल्प नहीं, अनिवार्यता आतंकवाद पर नहीं चलेगा दोहरा मापदंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका (इब्सा) के त्रिपक्षीय मंच को यह स्पष्ट संदेश देना चाहिए कि वैश्विक संस्था में बदलाव अब विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। मोदी ने कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया बिखरी और विभाजित नजर आती है, इब्सा एकता, सहयोग और मानवता का संदेश दे सकता है। उन्होंने तीनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए इब्सा एनएसए स्तरीय बैठक को संस्थागत बनाने का भी प्रस्ताव रखा।**

दक्षिण-अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद रविवार को भारत, ब्राजील और दक्षिण-अफ्रीका संवाद मंच (इबसा) के राष्ट्राध्यक्षों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसे संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते तीन वर्षों में अंतरराष्ट्रीय आर्थिक समूह की अध्यक्षता के दौरान की गई पहल को भविष्य में और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए सहयोग को लेकर कुछ सुझाव दिए हैं। जिसमें उन्होंने आतंकवाद के खिलाफ जारी लड़ाई में तीनों देशों को करीबी सामंजस्य से आगे बढ़ने पर जोर देते हुए कहा कि ऐसे गंभीर विषय पर किसी भी प्रकार के दोहरे मापदंड नहीं चलेंगे। वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए इबसा देशों को आतंकवाद पर एकजुटता से कदम उठाने चाहिए। 2021 में भारत की अध्यक्षता में इबसा के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की पहली बैठक हुई थी। सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने के लिए हम इसे संस्थागत रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि तीनों देश इस बात पर भी सहमत हैं कि वैश्विक ⏭ शेष पेज 7 पर

### ये हैं इबसा के असली मायने

पीएम ने इबसा के बारे में बताते हुए कहा, यह केवल तीन देशों का एक समूह नहीं है। बल्कि यह तीन महाद्वीपों को जोड़ने वाला, तीन बड़ी लोकतांत्रिक शक्तियों, तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का एक महत्वपूर्ण मंच है। समूह हमारे लिए एक ऐसा गहरा और आत्मीय बंधन भी है। जिसमें विविधता से लेकर सांझे मूल्य और आकांक्षाएं भी शामिल हैं।

### जी-20 के बाद इब्सा की बैठक में प्रधानमंत्री ने की सुधारों की वकालत



### पहली बार मेजबानी हैंडओवर नहीं हुई

जी 20 समिट में रविवार को समापन समारोह के दौरान राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने हथौड़े को किसी नेता को सौंपने के बजाए मेज पर रख दिया। साउथ अफ्रीका में 20वां जी20 समिट रविवार को बिना औपचारिक हैंडओवर के समाप्त हो गया। साउथ अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने किसी अमेरिकी अधिकारी को गवेल नहीं सौंपा। विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला ने कहा कि आज कोई औपचारिक हैंडओवर सेरेमनी नहीं होगी। अमेरिका चाहे तो सोमवार से दक्षिण अफ्रीका के विदेश मंत्रालय के दफ्तर से जी 20 से जुड़े दस्तावेज ले सकता है। इसके बाद व्हाइट हाउस की डिप्टी सेकेट्ररी अन्ना केली ने आरोप लगाया कि साउथ अफ्रीका ने जी20 का औपचारिक हैंडओवर नहीं कर गलत किया है। दरअसल, हर जी 20 समिट में पिछले साल की मेजबानी करने वाला देश, अगले मेजबानी करने वाले देश को औपचारिक रूप से 'गवेल' सौंपता है।

### दुनिया के लिए मिसाल बनेगा सतत विकास

सतत विकास इबसा पूरी दुनिया के लिए मिसाल बन सकता है। मिलेट्स हो या प्राकृतिक खेती, आपदाओं से बचाव हो या हरित ऊर्जा, परंपरागत मेडिसिन या स्वास्थ्य सुरक्षा सभी विषयों में इन ताकतों को जोड़कर विश्व कल्याण सिद्ध कर सकते हैं। इसी सोच के साथ हमने इबसा फंड की स्थापना की थी। जिसकी मदद से हमने अभी तक 50 परियोजनाएं पूरी की हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला जागरूकता, सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में की गई परियोजनाएं जरूरतों पर आधारित हैं।

### डीपफेक और आतंकवाद में एआई के इस्तेमाल

जोहान्सबर्ग में आयोजित जी 20 समिट के तीसरे सत्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दुरुपयोग पर कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने दुनिया से एक ग्लोबल एआई कॉम्पैक्ट बनाने की अपील की। पीएम मोदी ने कहा कि डीपफेक, अपराध और आतंकवादी गतिविधियों में एआई का इस्तेमाल मानवता के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इस पर सख्त प्रतिबंध लगाना जरूरी है। पीएम मोदी ने जोर देकर कहा कि एआई को मानव-केंद्रित होना चाहिए।

### पीएम रिपोर्ट से होगा खुलासा

## फुटबॉल खेलते गिरा किशोर, मैदान में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

छिंदगढ़ ब्लॉक मुख्यालय में रोज की तरह रविवार की सुबह भी 14 साल का मोहम्मद फैजल निखिल फुटबॉल खेलने मैदान पहुंचा था। जैसे ही उसने वॉर्मअप शुरू किया, अचानक वह मैदान पर गिर पड़ा। साथी खिलाड़ी घबरा गए, तुरंत उसे छिंदगढ़ अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे बचा नहीं सके। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चे को हार्ट अटैक आया हो सकता है। हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार फैजल छिंदगढ़ स्थित आत्मानंद स्कूल में 9वीं कक्षा का छात्र था। पढ़ाई के साथ-साथ वह खेलों में भी बेहद सक्रिय था। हाल ही में आयोजित बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता में उसने मेडल जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। नियमित अभ्यास, फिटनेस पर ध्यान और अनुशासन यही उसकी पहचान थी। रविवार को भी वह हमेशा की तरह समय पर मैदान पहुंचा था।



### परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़

अचानक मिली इस सूचना ने परिवार के होश उड़ा दिए, जो बच्चा रोज मुस्कुराते हुए घर से मैदान जाता था। वहीं कुछ ही समय में अस्पताल से निर्जीव लौट आया। मैदान में साथ खेलने वाले बच्चों ने बताया कि फैजल पूरी तरह फिट दिख रहा था। वह रोज सबसे पहले आता था, दौड़ता था, एक्सरसाइज करता था। कभी सांस फूलने या कमजोरी की कोई शिकायत नहीं की। अचानक हुई इस मौत ने सभी को हैरान और स्तब्ध कर दिया है।

## बाघ ने किया बुजुर्ग चरवाहे का शिकार तलाशी में मिला मृतक का आधा शरीर

### गाय लेकर गया था सिंघनपुरी का चरवाहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सीमावर्ती वनांचल ग्राम सिंघनुपरी से एक दिलदहला देने वाली घटना सामने आई है। जानकारी के मुताबिक गाय चराने जंगल गए ग्राम सिंघनपुरी निवासी एक बुजुर्ग ग्रामीण को जंगल के राजा बाघ ने अपना शिकार बना डाला। इस घटना के सामने आने के बाद हरकत में आई क्षेत्रीय पुलिस और वन विभाग की टीम ने सर्चिंग अभियान चलाकर मृत ग्रामीण का कमर के नीचे का हिस्सा बरामद कर लिया है जबकि ऊपर का हिस्सा गायब है। शव की स्थिति तथा घटना स्थल की परिस्थितियों को देखते हुए इस बात की पूरी आशंका व्यक्त की जा रही है कि ग्रामीण का शिकार बाघ ने ही किया है वहीं मृतक के परिजनो ने भी मृतक की शिनाख्त कर ली है। दूसरी तरफ इस सनसनी खेज और दिलदहाले देने वाली घटना के सामने आने के बाद पूरे ⏭ शेष पेज 7 पर



### ग्रामीणों में भारी दहशत

घटना के बाद से ग्रामीणों में गहरा भय व्याप्त है। लोग जंगल की ओर जाने से गुरेज कर रहे हैं, वहीं प्रशासन ने भी आसपास के गांवों में सतर्कता बढ़ा दी है। वन विभाग का कहना है कि दोनों राज्यों की टीमें स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाघ की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए क्षेत्रों में पेट्रोलिंग बढ़ा दी गई है और ग्रामीणों को सावधानी बरतने की अपील की गई है।

### ड्रग नेटवर्क का बड़ा खुलासा


## दिल्ली के फार्म हाउस से 262 करोड़ रुपए की ड्रग बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने राजधानी दिल्ली में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 262 करोड़ रुपए से ज्यादा की ड्रग्स बरामद की है। यह कार्रवाई एक फार्महाउस पर छापेमारी से शुरू हुई, जहां से मिली अहम लीड के आधार पर एनसीबी ने लगातार तीन दिनों तक ऑपरेशन चलाया। इस ऑपरेशन में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय सिंथेटिक ड्रग नेटवर्क का बड़ा खुलासा हुआ है। जांच के दौरान टीम को ऐसी जानकारियां मिलीं, जिससे ⏭ शेष पेज 7 पर

### जांच में हुए कई खुलासे

शेन वारिस को 20 नवंबर 2025 को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने ड्रग नेटवर्क में अपनी भूमिका स्वीकारी और कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उसने एक महिला एस्टर किमीनी का नाम भी बताया, जिसके जरिए एक बड़ा नशे का कंसाइनमेंट पोर्टर राइडर के जरिए भेजा गया था। उसने उसका पता और संपर्क जानकारी भी एनसीबी को दे दी।






### एसआईआर से पश्चिम बंगाल में चमत्कार!

# 37 साल बाद लापता बेटा लौटा अपने घर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) ने पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हंगामा खड़ा कर दिया है। बीजेपी और टीएमसी में आरोप-प्रत्यारोप जारी है। इस बीच, एसआईआर प्रक्रिया बंगाल के पुरुलिया में एक अनोखी कहानी का हिस्सा बन गया है। एसआईआर ने लगभग चार दशकों से बिछड़े एक परिवार को फिर से मिलाने में मदद की है। जी हां, पुरुलिया के गोबरांडा गांव में वोटर विस्ट के वेरिफिकेशन ने चक्रवर्ती परिवार को ऐसे व्यक्ति को फिर से खोजने में मदद की जिसे वे लंबे समय ⏭ शेष पेज 7 पर



### दो भाइयों में पहली बार हुई बातचीत

इस खबर से भावनाओं की एक ऐसी लहर उठी जिसकी किसी भी तरफ से उम्मीद नहीं थी। सावधानी भरे सवाल लंबी खामोशी में बदल गए। फिर 37 साल बाद दो भाइयों के बीच पहली बातचीत हुई। विवेक ने कहा, इस एहसास को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। 37 साल बाद मैं आखिरकार घर लौट रहा हूं। मैंने सबसे बात की है। मैं खुशी से भर गया हूं। मैं इलेक्शन कमीशन को धन्यवाद देता हूं, क्योंकि एसआईआर प्रोसेस के बिना यह रीयूनियन कभी नहीं हो पाता। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी वापसी की तैयारी चल रही है।

### कैसे हुआ मिलन?

यह चमत्कार एक साधारण सरकारी फॉर्म और एक भाई की अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार प्रतिबद्धता से संभव हुआ। प्रदीप चक्रवर्ती, विवेक के छोटे भाई, अपने क्षेत्र के बूथ लेवल ऑफिसर हैं। एसआईआर के दौरान उनके नाम और फोन नंबर वाले फॉर्म पूरे क्षेत्र में बांटे गए थे। एक साधारण सा फोन कॉल सब कुछ बदल गया। विवेक के बेटे- जो कोलकाता में रहते थे और बीएलओ से किसी पारिवारिक रिश्ते से अनजान थे, उन्होंने दस्तावेजी सहायता के लिए प्रदीप को फोन किया। एक नीरस सरकारी बातचीत धीरे-धीरे भावनाओं से भरी बातचीत में बदल गई, जब दोनों ने परिवार के इतिहास के टुकड़ों को जोड़ना शुरू किया।

*बिहार के पूर्वी चंपारण के चकिया में बन रहे दुनिया के सबसे बड़े विराट रामायण मंदिर के लिए 33 फुट ऊंचा और 210 मीट्रिक टन वजन का शिवलिंग बनकर तैयार हो गया जिसे 96 पहियों वाले ट्रक पर महाबलीपुरम से चंपारण के विराट रामायण मंदिर के लिए रवाना हुआ। इसे स्थापना स्थल तक पहुंचने में 20 से 26 दिन तक लगेंगे। बता दें कि तमिलनाडु के महाबलीपुरम के पट्टीकाडु गांव में पिछले 10 सालों से इस शिवलिंग को बनाने का काम चल रहा था।*

# 210 टन वजन, 33 फीट ऊंचा दुनिया का सबसे विशालतम शिवलिंग 96 चक्के वाले ट्रक से रवाना

## बिहार की ओर रवाना, जानें क्या है इसकी खासियत?

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चंपारण में विराट रामायण मंदिर की नींव 20 जून, 2023 को रखी गई थी। यह मंदिर बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में केसरिया और चकिया के बीच जानकीनगर में बन रहा है। यह मंदिर पटना से लगभग 110 किलोमीटर दूर है। शिवलिंग भेजने से पहले, एक पूजा-पाठ किया गया, जिसमें गांव वालों ने भी हिस्सा लिया।

### महावीर मंदिर ट्रस्ट कमेटी कर रही मंदिर निर्माण

गौरतलब है कि कि शिवलिंग का वज़न 210 मीट्रिक टन है। इस बड़े शिवलिंग को बनाने में कलाकारों को 10 साल की कड़ी मेहनत लगी। यह 33 फुट का शिवलिंग ग्रेनाइट पत्थर से बना है। बता दें कि यह भारत के किसी भी मंदिर में स्थापित होने वाला सबसे बड़ा शिवलिंग है। विराट रामायण मंदिर का निर्माण महावीर मंदिर ट्रस्ट कमेटी कर रही है।

### शिवलिंग बनाने में आया तीन करोड़ से ज्यादा खर्च

*शिवलिंग भेजने से पहले, एक पूजा-पाठ किया गया, जिसमें गांव वालों ने भी हिस्सा लिया। शिवलिंग बनाने वाली कंपनी के फाउंडर विनायक वेंकटरमन ने बताया कि शिवलिंग को बनाने में करीब 3 करोड़ रुपये लगे हैं। अगले साल फरवरी के आसपास शिवलिंग को विराट रामायण मंदिर में स्थापित किया जाएगा। हालांकि, इसके जनवरी के बीच तक मंदिर में स्थापित होने की उम्मीद है।*



### 210 टन वजनी शिवलिंग गुजरेगा कई राज्यों से

शिवलिंग को महाबलीपुरम से बिहार के पूर्वी चंपारण में विराट रामायण मंदिर तक ले जाने में लगभग 20 से 26 दिन लगेंगे। महाबलीपुरम से शिवलिंग को होसुर, होसाकोटे, देवनहल्ली, कुरनूल, हैदराबाद, निज़ामाबाद, आदिलाबाद, नागपुर, सिवनी, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, रीवा, मिर्ज़ापुर, आरा, छपरा, मसरख, मोहम्मदपुर और केसरिया होते हुए चकिया विराट रामायण मंदिर लाया जाएगा।

### कुल 18 मीनारें और 22 मंदिर होंगे

मंदिर के प्रवेश द्वार पर गणेश स्थल, सिंह द्वार, नंदी, शिवलिंग और गर्भगृह का काम पूरा हो चुका है। विराट रामायण मंदिर 1080 फीट लंबा और 540 फीट चौड़ा होगा। इसमें कुल 18 मीनारें और 22 मंदिर होंगे, जिसमें मुख्य मीनार 270 फीट ऊंची, चार मीनारें 180 फीट ऊंची, एक मीनार 135 फीट ऊंची, आठ मीनारें 108 फीट ऊंची और एक मीनार 90 फीट ऊंची होगी।

---

## खबर संक्षेप

### 5.92 करोड़ की धोखाधड़ी में चार आरोपी गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने 5.92 करोड़ रुपये के निवेश घोटाले में शामिल एक अंतरराज्यीय साइबर अपराध गिरोह के चार कथित सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों ने अपना व्यक्तिगत विवरण प्रदान किया और गिरोह के लिए 'म्यूल' बैंक खातों की व्यवस्था की, कमीशन पर नकदी निकासी की और दुबई सहित भारत के बाहर से संचालित बड़े संचालकों को धन हस्तांतरित किया। 'म्यूल' खाते ऐसे खाते हैं, जो धोखाधड़ी करने के लिए दूसरों के नाम से खुलवाए जाते हैं। चारों आरोपपी उत्तराखंड के हल्द्वानी के निवासी हैं।

### राज्यपाल आवास पर कांग्रेस का प्रदर्शन 'अवैध और 'उद्दंडता' : कांग्रेस

**शिमला।** भाजपा की हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि गत दिनों राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला के आधिकारिक आवास पर कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन पूरी तरह से ''अवैध'' और ''उद्दंड राजनीतिक आचरण'' का उदाहरण था। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि बिना अनुमति के राजभवन जैसे उच्च सुरक्षा और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करना, विरोध प्रदर्शन करना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी संवैधानिक मानदंडों को चुनौती देने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

### बीड में दादी की हत्या का आरोपी पोता गिरफ्तार

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड जिले में 68 वर्षीय एक महिला की उसके पोते ने कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शुक्रवार को अस्पताल में मौत हो जाने के बाद पुलिस ने आरोपी रामदास पांडुरंग गवली (28) को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को आरोपी ने अपनी दादी पंचपुला रामकिसन गवली पर डंडे से वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं और बाद में उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी मानसिक बीमारी से पीड़ित है। जांच जारी है।

---

पाक की फिर हुई अंतर्राष्ट्रीय बेइज्जती, फ्रांस नेवी ने कहा- ऐसा कोई इंटरव्यू किसी ने नहीं दिया

# फ्रांस ने खोली पाक की पोल, कहा- राफेल मार गिराने का दावा पूरी तरह झूठा और खोखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान की एक बार फिर इंटरनेशनल फजीहत हुई है। सैन्य संघर्ष 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान राफेल गिराने को लेकर झूठे दावे करने वाले पाकिस्तान की पोल एक बार फिर खुल गई। इस बार फ्रांसीसी नेवी ने पाकिस्तान मीडिया के दावे को सिरे से नकार दिया। फ्रेंच नेवी ने रविवार को अपने बयान में कहा कि पाकिस्तानी मीडिया का यह दावा कि फ्रेंच कमांडर ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल जेट्स गिराने की बात कही है, वह पूरी तरह गलत व मनगढ़ंत है। फ्रेंच कमांडर ने कहीं भी कभी भी ऐसा कोई इँटरव्यू दिया ही नहीं।

फ्रांस की नेवी ने पाकिस्तान के एक मीडिया चैनल जीओ टीवी द्वारा भारत के ऑपरेशन 'सिंदूर' को लेकर फैलाई गई झूठी रिपोर्ट की कड़ी निंदा की है। चैनल ने एक फ्रांसीसी कमांडर के नाम से भारत के राफेल गिराए जाने और पाकिस्तान एयरफोर्स की श्रेष्ठता जैसे दावे किए गए थे। जीओ टीवी ने दावा किया था कि एक फ्रांसीसी नौसैनिक कमांडर ने कहा कि मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुई झड़प में पाकिस्तान को एयर सुपीरियरिटी मिली, और भारतीय राफेल फाइटर जेट मार गिराए गए।

### फ्रांस ने कहा- "पूरी कहानी मनगढ़ंत"

फ्रेंच नेवी ने स्पष्ट किया कि जिस अधिकारी का नाम जैक्विस लॉने बताया गया, उनका वास्तविक नाम कैप्टन युआन लॉने है। उन्होंने कभी कोई इंटरव्यू नहीं दिया, और न ही किसी बयान के प्रकाशन की अनुमति दी। जीओ टीवी की रिपोर्ट में एक-एक बात झूठी, गलत उद्धरण और भ्रामक जानकारी भरी थी। नेवी ने अपनी आधिकारिक एक्स पोस्ट में कहा:"कैप्टन लॉनै के नाम से लगाए गए सभी बयान पूरी तरह गढ़े गए हैं।"



### इंडिया-पाक संघर्ष से कोई संबंध नहीं

फ्रेंच नेवी के अनुसार कैप्टन लॉनै सिर्फ लैंडिविसिउ स्थित नौसैनिक एयर स्टेशन के कमांडर हैं। उनका इंडिया-पाकिस्तान संघर्ष से कोई ऑपरेशनल संबंध नहीं। उन्होंने सम्मेलन में केवल राफेल मरीन की तकनीकी क्षमताओं और हाई-इंटेंसिटी एयर कॉम्बैट की चुनौतियों पर बात की थी। जीओ टीवी ने दावा किया था कि कैप्टन लॉनै ने कहा: राफेल का रडार ऑपरेशन में फेल हुआ। भारतीय पायलटों ने विमानों का सही इस्तेमाल नहीं किया।राफेल, चीन के जे-10सी को किसी भी स्थिति में हरा सकता है।

### कभी चीन का नाम नहीं लिया

फ्रेंच नेवी ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी चीनी जे-10सी या जे-10 का नाम नहीं लिया। न ही राफेल की किसी 'तकनीकी असफलता' का ज़िक्र किया। न ही भारत के किसी नुकसान की पुष्टि या खंडन किया। फ्रांस ने कहा कि पाकिस्तान मीडिया द्वारा ऑपरेशन सिंदूर, रडार फेलियर और चीन की भागीदारी जैसे दावे- "मिसइन्फॉर्मेशन और डिसइन्फॉर्मेशन फैलाने की कोशिश का हिस्सा थे।"

### सोशल मीडिया पर भारत-विरोधी दुष्प्रचार पर नई बहस

जैसे ही फ्रांसीसी नेवी का खंडन सामने आया, सोशल मीडिया पर पाकिस्तान की गलत सूचना रणनीति को लेकर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। कई यूजर्स ने इसे भारत-विरोधी नैरेटिव फैलाने का एक और प्रयास बताया। बीजेपी नेता अमित मालवीय ने कहा कि पाकिस्तान की फर्जी खबर मशीनरी अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उजागर हो गई है। उन्होंने जोर दिया कि जब आधिकारिक एजेंसियां खुलकर दुष्प्रचार का पर्दाफाश करने लगें, तो यह हताशा का स्पष्ट संकेत है।

---

# ट्रंप को हटाने सड़कों पर उतरे हजारों लोग, शासन हटाओ रैली निकाली



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डी.सी. में शनिवार को एक बड़ी रैली का आयोजन किया गया। शहर के नेशनल मॉल इलाके में बड़ी संख्या में लोग इकट्ठा हुए और शासन हटाओ नाम की रैली में हिस्सा लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को सत्ता से हटाने की मांग की। प्रदर्शन का आयोजन जमीनी स्तर पर काम करने वाले संगठन रिमूवल कोएलिशन ने किया, जो वर्तमान प्रशासन की नीतियों और दिशा से नाखुश लोगों को एक मंच प्रदान करता है। रैली के बाद सैकड़ों लोगों ने नेशनल मॉल के किनारे शांतिपूर्ण मार्च भी किया और राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ अपनी आवाज उठाई।

### लोग सड़क पर इस कारण से उतरे

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि- वे देश की मौजूदा दिशा से खुश नहीं हैं। कई नीतियां आम जनता के हित में नहीं हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों पर खतरा बढ़ रहा है। अब बदलाव की जरूरत है, और वह बदलाव राष्ट्रपति ट्रम्प को हटाकर ही आ सकता है। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि वे अमेरिका में एक ऐसी सरकार देखना चाहते हैं जो लोगों की चिंताओं को प्राथमिकता दे और संविधान के नियमों का सम्मान करे।

### रैली में बड़ी हस्तियों ने भरा जोश

इस कार्यक्रम में सिर्फ आम लोग ही नहीं, बल्कि कई जानी-मानी हस्तियां भी शामिल हुईं। ये लोग हुए शामिल: टेक्सास के सांसद अल ग्रीन, पूर्व मेट्रो पुलिस अधिकारी माइकल फैनन, मशहूर बैंड ड्रॉपकिक मर्फीज,कलाकार अर्थ टू ईव, इनकी मौजूदगी से भीड़ में जोश और ऊर्जा साफ दिखाई दे रही थी। बैंड और कलाकारों की लाइव परफॉर्मेंस ने माहौल को और भी उत्साहित बना दिया।

---

# केंद्र ने कहा- चंडीगढ़ पर अभी अंतिम फैसला नहीं', बिल पर मचा सियासी बवाल

## केंद्र सरकार का आया जवाब

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चंडीगढ़ को आर्टिकल 240 के दायरे में लाने की खबरों के बीच राजनीति गरमा गई है। इस प्रस्ताव पर पंजाब में कड़ा विरोध देखने को मिला। मुख्यमंत्री भगवंत मान सहित अन्य विपक्षी नेताओं ने इसे पंजाब के साथ अन्याय बताया और कहा कि चंडीगढ़ पंजाब का अभिन्न हिस्सा है। वहीं चंडीगढ़ को संविधान के आर्टिकल 240 के तहत लाने की खबरों पर केंद्र ने स्पष्ट किया है कि यह सिर्फ कानून-निर्माण की प्रक्रिया को सरल बनाने का प्रस्ताव है, जिस पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ। यह प्रस्ताव अभी शुरुआती चरण में है और इस पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है।



शीतकालीन सत्र में ऐसा कोई बिल नहीं लाया जाएगा। अब गृह मंत्रालय ने आधिकारिक बयान जारी कर इस विवाद पर रोक लगाने की कोशिश की है। गृह मंत्रालय ने यह भी साफ किया कि इस प्रस्ताव से चंडीगढ़ की मौजूदा प्रशासनिक व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा और न ही पंजाब या हरियाणा के पारंपरिक संबंधों पर कोई असर पड़ेगा।

### इस कारण से शुरू हो गया विवाद

दरअसल, विवाद तब बढ़ा जब संसद की बुलेटिन में संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2025 का जिक्र सामने आया. इस बिल में चंडीगढ़ को आर्टिकल 240 में शामिल करने का प्रस्ताव था, जिससे राष्ट्रपति को चंडीगढ़ के लिए सीधे नियम बनाने का अधिकार मिल जाता। कई राजनीतिक दलों ने आशंका जताई कि इससे चंडीगढ़ का प्रशासन पंजाब के हाथों से निकलकर एक स्वतंत्र प्रशासक के हाथों में चला जाएगा।

---

### बहरीन से आ रही उड़ान को 'बम की धमकी' मुंबई मोड़ा गया

**हैदराबाद।** हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बहरीन से आ रही एक उड़ान को रविवार को बम की धमकी मिलने की वजह से मुंबई की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विमान की जांच के बाद अंततः बम की धमकी झूठी साबित हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे को मिले धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया था कि बहरीन से हैदराबाद आ रहे विमान में बम रखा गया है। उन्होंने बताया कि इसके बाद विमान को मुंबई की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित उतार लिया गया। अधिकारी ने बताया, ''वहां सुरक्षा जांच की गई और कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और बम की धमकी झूठी साबित हुई।''

---

# सड़क किनारे खड़े 4 किशोरों को बस ने रौंदा, सभी की मौत

## बुझ गया घर का इकलौता चिराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सागर

मध्य प्रदेश के सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र में रविवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। सड़क किनारे खड़े चार किशोरों को एक तेज रफ्तार निजी बस ने कुचल दिया, जिससे चारों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो सगे भाई, एक परिवार का इकलौता बेटा और एक नाबालिग शामिल है।

हादसा इतना भयावह था कि युवक कई फीट हवा में उछलकर दूर जाकर गिरे। अनंतपुरा गांव और पूरा पाल समाज गहरे सदमे में है। दरअसल, यह हादसा अनंतपुरा गांव के पास उस समय हुआ, जब चारों बच्चे भैंसों की तलाश कर रहे थे। वे सड़क किनारे खड़ी बाइक के पास



खड़े होकर आपस में बात कर रहे थे। तभी सिमरिया से दमोह की ओर जा रही एक निजी बस तेज रफ्तार से आई और सीधे उन पर चढ़ गई। टक्कर तनी तेज थी कि आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही चारों बच्चे सड़क पर खून से लथपथ गिर चुके थे। स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतकों के चाचा भगवानदास ने बताया कि चारों बच्चे भैंसों की तलाश में निकले थे।

### गांव में कोहराम

हादसे में जिन चार किशोरों की जान गई, वे थे शिवम पिता रामचरण पाल (18), उनके भाई सत्यम (17), प्रशांत उर्फ प्राशू पिता खुमान पाल (14), जो परिवार का इकलौता बेटा था और उमेश पिता चेतू पाल (16) जो दो भाइयों में छोटा था। एक ही परिवार के इतने बच्चों की मौत ने गांव में गहरा शोक फैला दिया है। प्रशांत की एक छोटी बहन है, जबकि शिवम और सत्यम की मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

---

कुछ नियमों को शिथिल कर सरकार ने तोड़ी सालों पुरानी पाबंदियां, बनेगा टूरिज्म-बिजनेस हब

# सख्त इस्लामिक देश सऊदी अरब में अब खुलकर छलका सकेंगे जाम



एजेंसी ▶▶| सऊदी अरब

सऊदी अरब को अब तक एक सख्त इस्लामिक देश के रूप में जाना जाता रहा है, जहां शराब पूरी तरह से बैन थी। लेकिन अब वहां की हवा धीरे-धीरे बदल रही है। हाल के दिनों में खबर आई है कि सऊदी अरब ने शराब से जुड़े अपने नियमों में बड़ा बदलाव किया है। यह बदलाव सीधे आम जनता के लिए नहीं है, बल्कि खास तरह के विदेशी लोगों के लिए है। माना जा रहा है कि इसे धीरे-धीरे लागू किया जा रहा है ताकि एकदम से विरोध न बढ़े। अभी तक यह सुविधा सिर्फ एक सीमित वर्ग को दी जा रही है और पूरे देश में नहीं, सिर्फ रियाद की एक दुकान तक सीमित है।

### धार्मिक और आधुनिक दोनों छवि बनाना है

सेमाफोर की रिपोर्ट बताती है कि सऊदी सरकार बहुत संतुलन बनाकर चल रही है। एक तरफ वह खुद को आधुनिक और खुला देश दिखाना चाहती है ताकि टूरिज्म और विदेशी निवेश बढ़े, वहीं दूसरी तरफ वह इस्लामिक नियमों और अपनी धार्मिक पहचान से भी दूर नहीं जाना चाहती, क्योंकि सऊदी अरब इस्लाम के दो सबसे पवित्र शहरों का रक्षक देश है। इसी वजह से शराब पर पूरी छूट नहीं दी गई, बल्कि बहुत सीमित और नियंत्रित ढंग से यह कदम उठाया गया है।



**रियाद की शराब दुकान की कहानी :** रिपोर्ट के मुताबिक रियाद की यह शराब दुकान पिछले साल खोली गई थी और तब यह सिर्फ विदेशी राजनयिकों के लिए ही थी। इसका मकसद था कि जो शराब पहले अलग-अलग तरीकों से मंगाई जाती थी, उसे अब एक ही जगह से, सरकारी निगरानी में व्यवस्थित किया जाए। पहले शराब ज्यादातर डिप्लोमैट्स के जरिए ही देश में आती थी, अब सरकार उसे खुद कंट्रोल में लेकर धीरे-धीरे खोल रही है।

### कौन ले सकता है शराब और कहां से

सेमाफोर की रिपोर्ट के मुताबिक अब सऊदी अरब में गैर-मुस्लिम विदेशी नागरिक, जिनके पास प्रीमियम रेजीडेंसी है, वे रियाद की एक खास शराब दुकान से शराब खरीद सकते हैं। यह दुकान पहले सिर्फ विदेशी राजनयिकों (डिप्लोमैट्स) के लिए ही थी। यह दुकान रियाद के डिप्लोमैट्स क्वार्टर इलाके में स्थित है। पिछले कुछ दिनों में कई प्रीमियम रेजिडेंसी धारकों ने बताया कि वे वहां से शराब खरीद पा रहे हैं।

### पहले क्या होता था?

रिपोर्ट के अनुसार पिछले कई दशकों से सऊदी अरब में रहने वाले विदेशी लोग चोरी-छिपे शराब के लिए अलग रास्ते अपनाते थे। कई लोग घर पर ही बीयर और वाइन बनाते थे, जबकि कुछ राजनयिकों से उनके निजी शराब भंडार से शराब लेते थे। जब तक यह सब पर्दे के पीछे और सीमित दायरे में रहता था, सरकार ज्यादा सख्ती नहीं करती थी लेकिन जैसे ही यह सार्वजनिक होता, तब कार्रवाई होती थी।

---

# इजरायल ने गाजा में फिर की बमों की बारिश, 24 की मौत

एजेंसी ▶▶| येरुशलम

अमेरिका द्वारा कराए गए युद्धविराम के बावजूद इस्त्राइल ने गाजा पर फिर एयर स्ट्राइक कर दी। इस बमबारी में 24 लोगों की मौत हो गई और 54 से ज्यादा लोग घायल हैं। इस्त्राइली सेना ने दावा किया कि ये हमले उन हमास लड़ाकों के जवाब में किए गए, जिन्होंने संघर्षविराम के बावजूद इजरायल-नियंत्रित क्षेत्र में घुसकर सैनिकों पर गोली चलाई। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि कार्रवाई में हमास के पांच वरिष्ठ सदस्य मारे गए, जबकि हमास ने आरोप लगाया कि इस्त्राइल बहाने बनाकर युद्ध फिर शुरू करना चाहता है। इससे पहले बुधवार को भी आईडीएफ ने गाजा में हमले कर 25 लोगों को मार दिया था। गाजा में कई इलाकों पर एक के बाद एक हुए हमलों ने पूरे माहौल को दहशत से भर दिया।

### हमास के हथियार सप्लायर अला हद्दादेह ढेर

गाजा में इजरायली सेना ने हमास के वरिष्ठ हथियार सप्लायर आतंकी अला हद्दादेह को ढेर कर दिया है। यह हमास के प्रोडक्शन हेडक्वार्टर में सप्लाई प्रमुख था। आतंकी हद्दादेह हमास मुख्यालय से ब्रिगेड और फील्ड कमांडरों तक रॉकेट, मोर्टार, एंटी-टैंक मिसाइलें और विस्फोटक सामग्री पहुंचाने का मुख्य जिम्मेदार व्यक्ति था। उसकी मौत से हमास की हथियार आपूर्ति श्रृंखला को गहरा झटका लगा है।




# नागरिकों ने दिखाई 'राह'; वर्षों पुरानी ऑटो की मांग पूरी, अब नहीं चलना पड़ेगा 4 किलोमीटर पैदल

रविकांत सिंह राजपूत ▶▶| मनेंद्रगढ़

सरकारी लालफीताशाही और प्रशासन की अनदेखी के बीच, मनेंद्रगढ़ के आम नागरिकों ने मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। नेत्रहीन विद्यालय के बच्चों की वर्षों पुरानी बस की मांग, जो अधिकारियों के 'आए-गए' के फेर में अधूरी रह गई थी, अब 'आम नागरिक मंच' के जन-सहयोग से पूरी हो गई है। सोमवार से, ये नेत्रहीन छात्र छड़ी के सहारे 3-4 किलोमीटर पैदल चलने के बजाय, अब बड़ी ऑटो के माध्यम से सम्मानपूर्वक स्कूल और कॉलेज पहुँचेंगे। गौरतलब है कि हरिभूमि और आईएनएच ने नेत्रहीन बच्चों की इस समस्या पर कई बार खबरे प्रकाशित और प्रसारित करता आया है। यह खबर प्रशासन के लिए एक सबक और समाज के लिए एक प्रेरणा है।




## हरिभूमि और आईएनएच की खबर का असर, नेत्रहीन बच्चों को मिलेगी सुविधा

### नेत्रहीन छात्रों की 'कठिन यात्रा' का अंत

मनेंद्रगढ़ नेत्रहीन विद्यालय के छात्रों के लिए हर दिन स्कूल या कॉलेज जाना किसी संघर्ष से कम नहीं था। बार-बार गुहार लगाने के बावजूद, उन्हें परिवहन के लिए एक अदद बस तक नसीब नहीं हो पाई। छात्र अपनी दैनिक यात्रा के लिए केवल अपनी छड़ी और एक-दूसरे के सहारे पर निर्भर थे, रोज करीब 3-4 किलोमीटर का लंबा सफर तय करते थे।


छड़ी के सहारे 3-4 किलोमीटर पैदल जाते हैं नेत्रहीन, कहते हैं...एक बस दिला दो साहब...

### अफसर आए, गए... और मांग जस की तस

विद्यालय प्रबंधन ने कई बार सरकार और स्थानीय प्रशासन के सामने परिवहन की समस्या रखी। अविभाजित कोरिया के तत्कालीन कलेक्टर कुलदीप शर्मा को भी बच्चों ने अपनी परेशानी से अवगत कराया था, लेकिन उनके स्थानांतरण के बाद मामला फिर ठंडे बस्ते में चला गया। अधिकारी आते गए, जाते गए, लेकिन छात्रों की यह बुनियादी मांग जस की तस बनी रही। प्रशासनिक उदासीनता ने इन बच्चों को मायूस कर दिया था।

### आम नागरिक मंच ने थामा हाथ, बने 'छड़ी'

जब प्रशासन ने मुंह फेर लिया, तब शहर की सामाजिक संस्था आम नागरिक मंच ने इन छात्रों के लिए 'छड़ी' बनने का फैसला किया। मंच ने जन-सहयोग से फंड जुटाया और नेत्रहीन छात्रों को स्कूल और कॉलेज तक लाने-ले जाने के लिए एक बड़ी ऑटो की व्यवस्था की। यह पहल इस बात का प्रमाण है कि जब सरकारी तंत्र विफल होता है, तो समाज खुद आगे बढ़कर समाधान प्रस्तुत करता है।

## सीएम ने हाउसिंग बोर्ड की 2060 करोड़ की आवासीय परियोजनाओं का किया शुभारंभ

# राज्य के 26 जिलों में हाउसिंग बोर्ड की 55 परियोजनाओं से बनेंगे 12 हजार से अधिक आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार कोशंकर नगर के बीटीआई ग्राउण्ड में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय आवास मेले में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की 2060 करोड़ की आवासीय परियोजनाओं का शुभारंभ किया। 55 परियोजना राज्य के 26 जिलों में शुरू होंगी, जिनके माध्यम से 12 हजार से अधिक किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण मकानों का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हाउसिंग बोर्ड के एआई चैट बॉट और पोर्टल का भी शुभारंभ किया। इसके माध्यम से उपभोक्ताओं को हाउसिंग बोर्ड की आवासीय परियोजनाओं की जानकारी सहजता से मिल सकेगी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक अनुज शर्मा, अध्यक्ष गृह निर्माण मंडल अनुराग सिंहदेव, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन, तेलघानी बोर्ड अध्यक्ष जतीन साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

- शंकर नगर बीटीआई ग्राउण्ड में 3 दिवसीय राज्य स्तरीय आवास मेला शुरु

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि वर्तमान में छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड की टीम बहुत बेहतर है। राज्य के लोगों को किफायती और गुणवत्तापूर्ण मकान उपलब्ध कराने के लिए नवाचार के साथ आगे बढ़ रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने हाउसिंग बोर्ड के 790 करोड़ रूपए के कर्ज को अदा कर बोर्ड को कर्ज मुक्त कर दिया है। ताकि बोर्ड बेहतर रणनीति के साथ काम करें। जरुरतमंदों एवं आवासहीनों को पक्का मकान दिए जाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ ही नहीं वरन पूरे देश में संचालित प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि 2 वर्षों में छत्तीसगढ़ राज्य में इस योजना के तहत 26 लाख लोगों को आवासों की मंजूरी दी गई। सबका आवास बन रहा है। पीएम जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए 32 हजार तथा बस्तर में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ति परिवारों के लिए 15 हजार आवास की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर राज्य स्तरीय आवास मेले में आवास बुकिंग का प्रमाण पत्र, हाउसिंग बोर्ड के उपभोक्ताओं को आवास की चाबी तथा फ्री होल्ड मकान का प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी।



### बोर्ड की वर्तमान टीम, हाउसिंग के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही: डॉ. रमन सिंह

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की सराहना की और कहा कि बोर्ड की वर्तमान टीम, हाउसिंग के क्षेत्र में अच्छा काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आवास मेले की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जब से मेला शुरू हुआ है, रोड पर जाम लग गया है और ट्रैफिक व्यवस्था संभल नहीं रही है। उन्होंने राज्य में जरुरतमंद परिवारों को आवास उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इसके लिए उन्होंने बजट में 14 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया। डॉ. सिंह ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड की सभी परियोजनाओं को जिलों में अच्छा प्रतिसाद मिलेगा।

### जानकारी लेने व आवास बुक कराने उमड़े लोग

गौरतलब है कि बीटीआई ग्राउंड में यह राज्य स्तरीय आवास मेला 25 नवम्बर तक चलेगा। मेले के पहले दिन सुबह से ही मेला ग्राउंड में हाउसिंग बोर्ड की आवासीय परियोजनाओं की जानकारी लेने और आवास बुक कराने के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। शंकर नगर टर्निंग प्वाइंट से खम्हारडीह जाने वाली रोड पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी।

### सालभर में हाउसिंग बोर्ड ने 672 करोड़ का किया बिजनेस: मंत्री चौधरी

आवास एवं पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी ने हाउसिंग बोर्ड के काम-काज को बेहतर बनाने तथा उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में लिए गए फैसलों के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की विशेष पहल से छत्तीसगढ़ हाउसिंग बोर्ड 790 करोड़ रूपए के कर्ज से मुक्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि सालभर के भीतर हाउसिंग बोर्ड ने 672 करोड़ का बिजनेस किया है। लैंड डायवर्सन एवं फ्री होल्ड की रियायत सरकार ने देकर हाउसिंग बोर्ड और उपभोक्ताओं को राहत दी है। श्री चौधरी ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड उपभोक्ताओं की डिमांड के आधार पर आवासीय परियोजनाओं के निर्माण का काम शुरू करेगा। हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष अनुराग सिंहदेव ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हाउसिंग बोर्ड राज्य के सभी जिलों में मकान का निर्माण करेगा। हम अगले चरण में सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी आवासीय परियोजनाएं लॉन्च करेंगे।




# ज्वेलरी दुकान में फायर कर लूट का प्रयास, दो गिरफ्तार

**धमतरी।** रायपुर रोड स्थित बरडिया ज्वेलर्स में एयर पिस्टल से फायरिंग कर लूट का प्रयास करने वाले दो अंतर्राज्यीय आरोपियों को धमतरी पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पाई है।

पांच माह पूर्व रायपुर रोड धमतरी में स्थित बरडिया ज्वेलर्स की दुकान में रात्रि के समय दो नकाबपोश भीतर घुस गए। इस दौरान ज्वेलर्स भंवरलाल बरडिया दुकान में मौजूद था। आरोपियों ने दुकान में घुसने के बाद शटर को बंद कर दिया। अपने पास से एयर पिस्टल निकाल दुकान संचालक को धमकाते हुए ज्वेलरी की लूट का प्रयास कर रहे थे। इसी समय संचालक की पुत्री आवाज सुनकर भीतर से दुकान में आ गई। जहां दो नकाबपोश उसके पिता को पिस्टल दिखाकर डरा रहे थे। दुकान में अचानक युवती को आया देख आरोपियों ने एयर पिस्टल से उसके पैर में गोली मार घायल कर दिया। फायरिंग के बाद नकाबपोश दुकान का शटर खोल फरार हो गए। एसपी सूरजसिंह परिहार ने सिटी कोतवाली व सायबर सेल की संयुक्त टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए रवाना कर दिया। आरोपियों को पकड़ने पुलिस की अलग अलग टीम बनाई गई। तकनीकी साक्ष्य के आधार पर आरोपियों का लोकेशन ट्रेस कर पुलिस की अलग अलग टीम ने गोवा, नागपुर, महाराष्ट्र व रायगढ़, छत्तीसगढ़ पहुंची। इस दौरान पुलिस ने आरोपी कुंअरसिंह भदोरिया उम्र 31 वर्ष निवासी इंगुरी जिला भिंड मप्र को नागपुर से व अमरपाल सिंह 30 वर्ष निवीस मसूरी लहर जिला भिंड, मप्र को रायगढ़ से गिरफ्तार कर लिया। तीसरा आरोपी फरार है।



- पांच माह पहले बरडिया ज्वेलरी में हुई थी घटना

### आरोपियों की धमतरी आवाजाही थी

मामले का खुलासा करते हुए एसपी ने बताया कि आरोपी ट्रक चालक है। फ्लाई ऐश ईंट की सप्लाई करने अक्सर धमतरी आते जाते रहते थे। इसी दौरान आरोपी बरडिया ज्वेलर्स को टारगेट किए थे। घटना की रात्रि आरोपी पूर्वयोजना के तहत ज्वेलरी शाप में घुसकर एयर पिस्टल की नोक पर लूट का प्रयास कर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। गोली कांड में शामिल दो आरोपी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एयर पिस्टल व छर्रा जब्त किया गया है।



## चिंतन

# भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए लेना होगा संकल्प

ज्ञान के मामले में प्राचीन भारत विश्व गुरु था। दुनियाभर से लोग हमारे यहां ज्ञान अर्जित करने आते थे। इसीलिए भारत को विश्वगुरु भी कहा गया, लेकिन अनेक आक्रांताओं को महान भारत का यह प्रभाव रास नहीं आया। हजारों साल तक आक्रमणकारियों के पैरों तले रौंदा गया। हमें गुलामी में जीना पड़ा। धार्मिक स्थलों को नष्ट किया गया। जबरदस्ती धर्मांतरण हुए। हमारे संस्कार, संस्कृति को नष्ट करने पर भरपूर प्रयास किए गए। एक के बाद एक लूट की वारदातें हुई। इसके बाद अंग्रेजों ने 200 साल तक राज किया। इस दौरान उन्होंने भारतीय संसाधनों का जमकर दोहन किया, वहीं नागरिकों का जमकर शोषण किया। अंग्रेजों ने खूब लूटा। ऑक्सफैम इंटरनेशनल की एक रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ कि ब्रिटेन ने 1765 से 1900 के बीच एक शताब्दी से अधिक समय के औपनिवेशिक काल के दौरान भारत से 64,820 अरब अमेरिकी डॉलर की रकम निकाली और इसमें से 33,800 अरब डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों के पास गए। यह आंकड़ा सिर्फ 135 साल में निकाले गए पैसों का है और केवल वही है, जो रिकार्ड में दर्ज है। इसके अलावा बड़ी रकम है जो कहीं लिखी ही नहीं की गई, लेकिन अब हालात बदल रहे हैं। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने सही कहा है कि हम विश्व गुरु बन सकते हैं। वो वैभव के दिन नहीं रहे, लेकिन आक्रमण के दिन भी चले गए। अब हम राममंदिर पर झंडा फहरा रहे हैं। अंतरिक्ष में नई छलांग लगा रहे हैं। हम दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ रही अर्थव्यवस्था हैं। अब एक बार फिर हम विश्व गुरु बनने की और बढ़ रहे हैं। विश्व गुरु बनने की चर्चा ज्ञान, विज्ञान, और संस्कृति के आधार पर होती है। इसका लक्ष्य ज्ञान का प्रकाश फैलाना, आधुनिकता के साथ प्राचीन मूल्यों को जोड़ना और 'वसुधैव कुटुंबकम' के सिद्धांत पर आधारित विश्व का मार्गदर्शन करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देना, कौशल विकास, उद्यमिता, और सामाजिक समरसता जैसे क्षेत्रों में काम करने की आवश्यकता है। कुछ लोग मानते हैं कि भारत पहले से ही विश्व गुरु था और यह प्रक्रिया केवल दोबारा उसे प्राप्त करने की है, जबकि कुछ का मानना है कि इसे संकल्प के रूप में साकार करने की आवश्यकता है। यह सही है कि मत अलग- अलग हो सकते हैं, लेकिन पूरे देश का लक्ष्य एक है। विश्व गुरु बनने से पहले सबसे ज्यादा जरूरी है कि शिक्षा का प्रचार-प्रसार किया जाए। उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और शिक्षा प्रणाली में सुधार करना बहुत जरूरी है। सरकार ने नई शिक्षा नीति से आगाज किया है, लेकिन इसका लाभ सबको मिले, इसके लिए प्रयास करने की जरूरत है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना। नवाचार से ही दुनिया में विकास का डंका बजाया जा सकता है। दुनिया में अपनी अलग छाप छोड़ने के लिए सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और किसी भी प्रकार के भेदभाव को खत्म करना होगा। यह विकास में सबसे बड़ी बाधा है। हम एक मिसाल कायम कर सकते हैं कि कैसे आधुनिकता की ओर बढ़ते हुए भी खुद को बेतुके पश्चिमीकरण से बचाया जा सकता है। अगर हम ऐसा करने में कामयाब रहे तो वो दिन दूर नहीं, जब पूरी दुनिया में हमारा डंका बजेगा और एक बार फिर हम विश्व गुरु होंगे।




जन्म शताब्दी वर्ष
अजय कुमार श्रॉफ

# प्रेम व करुणा के अवतार थे सत्य साई बाबा

श्री सत्य साई बाबा ने 14 वर्ष की आयु में ही 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित हैं। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया।

श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष है। उनका जन्म 23 नवंबर 1926 को वेंकप्पा राजू और ईश्वरम्मा के घर पुट्टपर्थी नामक गांव में हुआ था। 14 वर्ष की आयु में ही उन्होंने 'सबसे प्रेम, सबकी सेवा' के अपने मिशन की शुरुआत कर दी थी। सत्य साईं बाबा का असली नाम रत्नाकरम सत्यनारायण राजू था। उनके जीवन और करिश्मों को देखकर उनके भक्तों का मानना है कि वे शिरडी साईं बाबा के दूसरे अवतार थे। बताया जाता है कि साल 1940 में जब सत्यनारायण राजू 14 साल के थे, उन्हें एक बिच्छू ने काट लिया। इसके बाद वे कई घंटे बेहोश रहे। जब होश आया, तो उनकी जिंदगी पूरी तरह बदल चुकी थी। अचानक वे संस्कृत में बोलने लगे, जो उन्होंने कभी पढ़ा या सुना भी नहीं था। इसके कुछ समय बाद उन्होंने अपने परिवार को चौंकाते हुए हवा में मिठाई और फूल निकाल कर दिखाए। उनके पिता इस पर बहुत गुस्सा हुए और उन्होंने सीधे सच पूछ लिया, तभी सत्य साईं ने कहा कि वे शिरडी साईं बाबा के अवतार हैं।

श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल की आधारशिला 24 अप्रैल 2011 को भगवान बाबा की महासमाधि के बाद 23 नवंबर 2011 को रखी गई थी। जैसा कि श्री सत्य साई स्वास्थ्य एवं शिक्षा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. सी. श्रीनिवास दोहराते हैं कि यह सत्य साई बाबा की दिव्य इच्छा ही थी जो अंततः उन्हें और सत्य साई संजीवनी को देश के इस हिस्से में ले आई। फिर भी, स्थान चुनने से लेकर विशेषज्ञता एवं हर चरण में बाबा ने उनका मार्गदर्शन किया। इन 13 वर्षों में पूरे भारत में 4 बाल हृदय अस्पताल, 6 मातृ एवं शिशु अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज, स्वास्थ्य सेवा में उत्कृष्टता केंद्र, अनुसंधान एवं नवाचार केंद्र स्थापित किए गए हैं। साथ ही फिजी, श्रीलंका और नाइजीरिया में भी कई केंद्र स्थापित किए गए हैं। यह जानकर खुशी होती है कि इस अस्पतालों में लगभग 4 लाख मरीज़ परामर्श के लिए आ चुके हैं और 38,000 से ज़्यादा सर्जरी पूरी तरह निःशुल्क सर्जरी की जा चुकी हैं। सत्य साई संजीवनी दुनिया भर में छत्तीसगढ़ की पहचान बन गयी है। इसने राज्य की पूरी तस्वीर ही बदल दी है। भारत के समस्त राज्यों के बाल हृदय रोगी इलाज के लिए राजधानी और महानगरों की बजाय रायपुर आ रहे हैं। यह 'उलटा रुझान' अपने आप में एक अद्भुत उपलब्धि है। डॉ. सी. श्रीनिवास का कहना है कि इस अस्पताल से स्वस्थ हुए बच्चे हृदय के आकार के अस्पताल को देखते ही उछल पड़ते हैं और खुशी से ' यूरेका... यूरेका ' कहते हैं, तो मुझे बहुत संतुष्टि मिलती है । यही वह अस्पताल है जहां मुझे दूसरा जीवन यानी संजीवनी मिली थी। इस कथन का कोई पर्याय नहीं है। श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल में दिन की शुरुआत दैनिक प्रार्थना से होती है और जीवन का उपहार के साथ समाप्त होती है। दैनिक प्रार्थना में, हम सभी मरीजों की लंबी आयु और शीघ्र छुट्टी के लिए प्रार्थना करते हैं। हमारे ऑपरेशन थिएटरों में, हमने लिखा है कि 'साई ही सर्जन' हैं। इसका तात्पर्य है कि हम सब कुछ अपने पूज्य भगवान श्री सत्य साई बाबा को समर्पण करते हैं। हमारी सर्जरी का सफलता दर वाकई सराहनीय है और इस का श्रेय हमारी मेडिकल नर्सिंग और सर्जिकल टीमों के अथक और दृढ़ प्रयास को जाता है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सी राजेश्वरी का नाम उल्लेख करना अत्यंत



प्रासंगिक होगा। वे भगवान बाबा के आह्वान पर अमेरिका में अपनी प्रतिष्ठित नौकरी और शानदार करियर छोड़कर भारत आईं। वास्तव में, उन्होंने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा की क्रांतिकारी अवधारणा की नींव रखी। जैसा कि कहा जाता है, ' इतिहास खुद को दोहराता है '। डॉ. श्रीनिवास अपनी माताश्री डॉ. सी राजेश्वरी के निःशुल्क सेवा मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। सत्य साई संजीवनी महज एक अस्पताल नहीं बल्कि आरोग्य का मंदिर है। यहां कोई लेन-देन नहीं होता, केवल सकारात्मक परिवर्तन होता है। बिना कैश काउंटर वाले अस्पताल का जादुई टैग दिल के मरीजों की सबसे पहली पसंद है। निःशुल्क सर्जरी की भविष्य से संबंधित अत्यंत महत्वपूर्ण प्रश्न के उत्तर में डॉ. श्रीनिवास कहते हैं कि हम निःशुल्क सर्जरी नहीं करते बल्कि यह निःशुल्क सेवा है। बाबा सेवा को निःस्वार्थ, अहंकार रहित, अभिमान रहित क्रिया कहते हैं। निःशुल्क सेवा का व्यक्ति और समाज पर चिरस्थायी प्रभाव पड़ता है। सत्य साई बाबा स्वयं गुरु हैं। हम मात्र साधन हैं और केवल उनकी इच्छा से निर्देशित होते हैं। उनका मिशन हमारे साथ भी और हमारे बिना भी जारी रहेगा। सच तो यह है कि नवा रायपुर केंद्र ने मानव जाति की शानदार सेवा के 13 वर्ष पूरे कर लिए हैं। डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि यह पैसा नहीं बल्कि लाखों जरूरतमंद लोगों का दृष्टिकोण और शुद्ध सद्भावना है जो हमें आगे बढ़ाती है। नवा रायपुर केंद्र में शताब्दी समारोह की शुरुआत पवित्र साई माह नवंबर के पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अस्पताल आगमन से हुई। सौभाग्यम के गर्भगृह में मरीजों से बातचीत करते हुए, उन्होंने भगवान बाबा के परोपकारी कार्यों का बखान किया। उन्होंने संजीवनी को प्रेम और करुणा का केंद्र बताया। वास्तव में सत्य साई संजीवनी अस्पताल विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत में सराहनीय योगदान दिया है। समाज, संस्था और सरकार का संगम संजीवनी में होता है। हमारा लक्ष्य वंचितों तक पहुंचकर उनकी सेवा करना है।

हम चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ भारत का पहला बाल हृदय मुक्त राज्य बने। 13 वर्षों की सेवा के बाद, हमने महसूस किया है कि रायपुर में भारत की बाल हृदय राजधानी बनने की भी क्षमता है। भगवान के सपने भगवान की दिव्य इच्छा के कारण आते हैं। सत्य साई संजीवनी की वसुधैव कुटुंबकम से लेकर सभी को प्यार करो, सभी को सेवा दो से लेकर समस्त लोकाः सुखिनो भवन्तु तक की यात्रा में; वहां केवल प्यार है। प्यार ही प्यार को जन्म देता है। बता दें कि साल 1944 में साई बाबा के भक्तों ने उनके लिए एक मंदिर बनवाया। साल 1948 में पुट्टपर्ती में एक बड़ा आश्रम बना, जिसे प्रशांति निलयम कहा गया। यही उनके जीवन का मुख्य केंद्र बन गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को पुट्टपर्थी का दौरा किया था, जिसे 'शक्तिस्वरूपिणी दिवस' के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा प्रेम और करुणा के अवतार थे। यह जानकर प्रसन्नता हुई कि 140 देशों के लाखों भक्त उनकी महासमाधि के बाद भी निःस्वार्थ सेवा के उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। यह उनके अद्वितीय व्यक्तित्व का परिचायक है। एसएआई का अर्थ है सेवा, आराधना और ज्ञान। बाबा द्वारा की गई इतनी बड़ी परोपकारी सेवा पहले कभी नहीं देखी गई। वे कहा करते थे, मेरा जीवन ही मेरा संदेश ' है। वर्षों के शिक्षा और प्रचार के बाद उन्होंने इस संदेश को संशोधित करके 'आपका जीवन ही मेरा संदेश है' कर दिया। उनके पावन 100वें जन्म दिवस पर आइए हम मन, वचन और कर्म से मानवता की सेवा करने का संकल्प लें। यदि हम उनके मिशन के माध्यम बन सकें, तो यही दिव्य गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी ।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

शहीद दिवस
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# सनातन संस्कृति की रक्षा में समर्पित रहे गुरु तेग बहादुर

सिक्खों के नौवें गुरु के रूप में विख्यात तेग बहादुर जोकि गुरु हरगोबिंद के सबसे छोटे पुत्र थे, को 1664 ई. में गुरु नियुक्त किया गया। सिख धर्म का प्रचार करने के लिए इन्होंने पूरे भारत का भ्रमण किया। गुरु तेग बहादुर का संपूर्ण जीवन मानवीय मूल्यों और हिंदू धर्म की रक्षा हेतु समर्पित था। हिंद की चादर, भारत का कवच इन उपाधियों से गुरुजी पूरे भारतवर्ष में विख्यात थे। गुरु तेग बहादुर के समय क्रूर अत्याचारी मुगल सम्राट औरंगजेब के अत्याचार अपने चरम पर थे। तलवार के बल पर पैशाची औरंगज़ेब के लिए बाध्य कर रहा था। ऐसी विकट परिस्थितियों में कश्मीरी पंडितों का एक समूह गुरु तेग बहादुर के पास हिंदू धर्म की रक्षा के लिए गया। दया, शनं करुणा शौर्य की प्रतिमूर्ति गुरु तेग बहादुर ने कश्मीरी पंडितों के आग्रह को स्वीकार करके औरंगजेब से टकराने का संकल्प किया। गुरु तेग बहादुर की ख्याति उस समय चारों तरफ थी।


औरंगजेब को जब इस बात का पता चला तो उसने गुरु तेग को अनेक प्रकार से डराने व धमकाने का प्रयास किया। दृढ़ ईश्वर विश्वासी, न्याय प्रिय, करुणा, दया और शौर्य के पुंज तेग बहादुर अपने निर्णय पर अडिग रहे और उन्होंने औरंगजेब द्वारा चलाए जा रहे धर्मांतरण का व्यापक विरोध किया। औरंगजेब ने गुरू बहादुर को झुकाने के लिए उनके साथी भाई मतिदास को आरे से चिरवाया, भाई दयाला को उबलते पानी में फेंक दिया गया, गुरु तेग बहादुर के साथी भाई सती दास को जिंदा जलवा दिया गया। ये सभी मार्मिक हृदय विदीर्ण कर देने वाली भयानक घटनाएं गुरु तेग बहादुर के सामने घटित



हुई, फिर भी हिंदू संस्कृति और धर्म के संरक्षक तेग बहादुर अपने दृढ़ निश्चय से विचलित नहीं हुए। औरंगजेब ने गुरु जी को इस्लाम धर्म स्वीकार करने के लिए मजबूर किया परंतु वह उनके संकल्प और साहस को परास्त नहीं कर सका। औरंगजेब ने गुरु जी के आगे दो शर्तें रखीं कि वे इस्लाम और मृत्यु में से किसी एक का चुनाव कर लें। हिंदू धर्म की रक्षा हेतु इस महान योद्धा ने मृत्यु को चुना पर आततायी औरंगजेब के आगे नतमस्तक नहीं हुए। गुरुजी अंतिम सांस तक धर्मांतरण के विरुद्ध लड़ते रहे। 24 नवंबर 1675 को सिख धर्म के इस महान योद्धा ने दिल्ली के चांदनी चौक पर अपना शीश भी बलिदान कर दिया। दिल्ली का शीशगंज गुरुद्वारा नौ ऐतिहासिक गुरुद्वारों में से एक माना जाता है, यहीं पर गुरुजी ने अपना शीश बलिदान किया था। उनके शरीर को उनके शिष्य आनंदपुर साहिब ले गए, जहां आज गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब स्थित है। सिख धर्म के यह दोनों पवित्र स्थान आज भी गुरु तेग बहादुर के सर्वोच्च बलिदान के साक्षी हैं। गुरु तेग बहादुर युद्धशास्त्र, धर्मशास्त्र के मर्मज्ञ थे। युद्ध में उनकी तलवार (तेग) चलाने की कुशलता को देखकर ही उनके पिता ने उनका नाम तेग बहादुर रखा। 1665 से 1675 तक अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के प्रचार और हिंदू धर्म की रक्षा में सदैव तत्पर रहे। गुरुजी के उपदेशों का संग्रह गुरु ग्रंथ साहिब में किया गया है। उन्होंने 700 से अधिक श्लोक लिखे हैं जिन्में ईश्वर, जीवन, मृत्यु और मुक्ति जैसे गहन आध्यात्मिक विषयों पर अपना स्वर्णिम चिंतन प्रस्तुत किया है। गुरु तेग ने केवल न्याय प्रिय मानवाधिकारों के रक्षक तथा बहादुर महान योद्धा थे बल्कि वह आध्यात्मिक चिंतक भी थे। पवित्र ग्रंथ गुरु ग्रंथ साहिब में गुरुजी मानव जीवन का लक्ष्य इंगित करते हुए लिखते हैं कि - गुरु गोविन्द गायो नहीं, जनम अकारन कीन। कहो नानक हर भज मना, जहे बिद जल को मीन। अर्थात मनुष्य जीवन प्राप्त करके जिसने श्रेष्ठ गुरु और ईश्वर का आश्रय नहीं लिया उसका जीवन वैसे ही व्यर्थ है जैसे बिना जल के मछली का। मनुष्य को परमार्थ चिंतन के लिए सचेत करते हुए गुरुजी लिखते हैं कि- 'बिरद पयो सूजै नहीं, काल पहुँचियो आन। कहो नानक नर बावरे, क्यों न भजै भगवान।' अर्थात बुढ़ापा आने पर तथा मृत्यु निकट आने पर भी वे मनुष्य पागल हैं जो ईश्वर का भजन नहीं करते। गुरु तेग बहादुर महान निडर, दयावान योद्धा होने के साथ-साथ आध्यात्मिक एवं दार्शनिक चिंतक थे। सर्वोत्तम बलिदान के प्रतीक तेग बहादुर की शौर्य गाथा सिख समाज और हिंदू धर्म के अनुयायियों के लिए प्रेरणा पुंज के समान है।

( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## ज्ञान, भक्ति व कर्म की पूर्णता श्रीराम



संकलित
दर्शन

उपदेश जब ग्रंथ से दिया जाएगा तो लिखने के काम आएगा, जब पढ़कर दिया जाएगा तो सुनने के काम आएगा। उपदेश जब जीवन में चरितार्थ हो जाएगा, तब स्वाभाविक रूप से ग्राह्य और अनुकरणीय हो जाएगा। श्रीरामचरितमानस में लीला और चरित्र दोनों चरितार्थ हैं, जिसमें उपदेश दिया नहीं गया, चरितार्थ करके दिखाया गया है। चरितार्थ भी ऐसे हुआ है कि जिसमें चमत्कार और अप्रासंगिकता नहीं है। भगवान राम ने अपना कोई मूल्यांकन नहीं किया, पर दूसरे के हर कार्य की प्रशंसा की, उन्हें उत्साहित किया। ज्ञान की समझ, भक्ति-भावना और कर्म की शैली में यदि व्यावहारिकता नहीं है, तब साधक के जीवन में ज्ञान, भक्ति और कर्म की त्रिपुटी केवल प्रदर्शन योग्य ही रह जाएगी। उसका शुद्ध प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा। इस सर्वांगीण पूर्णता के साथ पृथ्वी पर मात्र भगवान राम ही अवतरित हुए, जिनका मानवोचित गुणों का निर्वहन करते हुए भी स्वयं का सत, चित, और आनंद स्वरूप अपने शुद्ध स्वरूप में बना रहा। ज्ञान की व्यावहारिकता है कि किसी से कुछ इच्छा न रखे और सब में एक ही ब्रह्म का साक्षात्कार करे। भक्ति की व्यावहारिकता है कि संसार के सारे संबंधों का आधार भगवान को माने। सहज संतोषी स्वभाव हो। मन में कुटिलता न हो। कर्म की व्यावहारिकता यह है कि व्यक्ति स्वयं को सेवक माने। संसार के लोगों के शुभ और सत्कर्मों की प्रशंसा अवश्य करे। भगवान श्रीराम ने स्वयं में कोई गुण नहीं देखा, अपितु दूसरे के अवगुणों में भी गुण पक्ष को ग्रहण कर उसका उपयोग लोकहित में किया। यही ज्ञान, भक्ति और कर्म की पूर्णता है।

## गलत काम जीवन की तपस्या बर्बाद कर सकता है



संकलित
प्रेरणा

प्रसंग के अनुसार एक दिन महावीर स्वामी प्रवचन दे रहे थे और सभी शिष्य सुन रहे थे। प्रवचन के बीच-बीच में कुछ शिष्य प्रश्न भी पूछ रहे थे और महावीर जी उनके उत्तर दे रहे थे। एक शिष्य ने पूछा कि व्यक्ति कब अपने आचरण से गिर जाता है? कौन से काम हैं, जिनकी वजह से पतन होता है? क्या कोई एक काम है या कई ऐसे काम हैं? महावीर स्वामी ने कहा कि मैं उत्तर दूं, उससे पहले यहां बैठे अन्य शिष्य इस प्रश्न का उत्तर दीजिए। स्वामी जी की बात सुनकर एक शिष्य ने कहा कि अहंकार पतन का सबसे बड़ा कारण है। एक ने कहा कि कामवासना से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। किसी ने लालच को बड़ी बुराई बताया तो किसी ने गुस्से को पतन का कारण बताया। महावीर जी ने सभी की बात ध्यान से सुनी। फिर पूछा कि बताइए अगर आपके पास एक कमंडल है, उसमें पानी भर दें और उसे नदी में छोड़ दें तो क्या वह डूबा जाएगा? शिष्यों ने कहा कि अगर कमंडल का आकार सही है तो वह डूबेगा नहीं, तैरेगा। महावीर जी ने पूछा कि अगर उसमें छेद कर दिया जाए तो? शिष्यों ने कहा कि फिर तो वह डूब ही जाएगा। महावीर जी बोले कि क्या छेद के आकार से कोई फर्क पड़ेगा? शिष्य बोले कि अगर छेद छोटा होगा तो कमंडल थोड़ी देर से डूबेगा और छेद बड़ा होगा तो जल्दी डूब जाएगा। छेद की वजह से कमंडल जरूर डूब जाएगा। महावीर जी ने कहा कि बस यही बात मैं समझाना चाहता हूं। हमारा शरीर एक कमंडल की तरह ही है और बुराइयां छेद की तरह होती हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### वायु प्रदूषण प्राणी जाति के लिए खतरा

दिल्ली और अन्य कुछ राज्यों में बढ़ता वायु प्रदूषण चिंता का विषय बन गया है। कुछ राज्यों में सुबह-सुबह ही शुद्ध साफ-सुथरी हवा के समय प्रदूषित हवा से सामना करना पड़ता है। यहां सुबह की सैर भी अब खतरे से खाली नहीं है। लेकिन सवाल तो यह है कि देश में केंद्र और राज्यों में पर्यावरण विभाग हैं, इसमें मंत्री और अफसरों और अन्य कर्मचारियों को करोड़ों का वेतन और भत्ते भी दिए जाते हैं और आमजन से ग्रीन टैक्स, और न जाने पर्यावरण संरक्षण के लिए टैक्स किसी न किसी रूप में वसूला जाता है लेकिन फिर भी देश में प्रदूषण को रोकने के लिए गंभीरता से काम नहीं किया जा रहा है। क्यों नहीं यह चुनाव में वैसा मुद्दा बनता है जैसे आरक्षण, जातिवाद, धर्म आदि के मसले मुद्दे बन जाते हैं। *-वरुण झा, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### जापान से साझेदारी



जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ सार्थक बैठक हुई। हमने नवाचार, रक्षा, प्रतिभा गतिशीलता आदि क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गति देने के उपायों पर चर्चा की। एक बेहतर ग्रह के लिए भारत-जापान की मज़बूत साझेदारी ज़रूरी है।
**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### सिंधी समाज का हक



भारतीय जनता पार्टी हमेशा से सिंधी समाज के हक और उनकी अधिकार के पक्ष में खड़ी रही है। सिंधी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने 1957 में पहला गैर-सरकारी विधेयक पेश कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।
**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### देशभर में अफरा-तफरी



एसआईआर के नाम पर देशभर में अफरा-तफरी मचा रखी है। भारत दुनिया के लिए अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर बनाता है, मगर भारत का चुनाव आयोग आज भी कागज़ों का जंगल खड़ा करने पर ही अड़ा है।
**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### प्रदूषण नियंत्रण



271 वाटर स्प्रिंकलर्स लगातार 24 घंटे दिल्ली की सड़कों पर लगभग 1 लाख लीटर ट्रीटेड पानी का छिड़काव कर रहे हैं। प्रदूषण नियंत्रण के लिए हर मोर्चे पर हमारी टीमें ऑन-ग्राउंड एक्शन में हैं और पूरी तत्परता से कार्य कर रही हैं।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

# दुनिया ने जलवायु परिवर्तन की बाजी हारी, तापमान बढ़ा


दस साल पहले दुनिया के नेताओं ने एक ऐतिहासिक दांव लगाया था। वर्ष 2015 के पेरिस समझौते का उद्देश्य मानवता को जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों से बचाने के रास्ते पर लाना था। एक दशक बाद, ब्राजील के बेलेम में आयोजित जलवायु सम्मेलन के बिना निर्णायक कार्रवाई के समाप्त होने के बाद, हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि मानवता यह दांव हार चुकी है। तापमान वृद्धि 1.5° डिग्री सेल्सियस से अधिक होने वाली है। दुनिया और भी अशांत और खतरनाक होती जा रही है। तो, असफलता के बाद क्या होता है? इस प्रश्न का उत्तर देने के हमारे प्रयास ने इस वर्ष की शुरुआत में हैम्बर्ग में एक बैठक के लिए अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं - को एकत्रित किया। इस सवाल का जवाब ढूंढने की हमारी कोशिश ने इस साल की शुरुआत में हैम्बर्ग में अर्थ लीग- वैज्ञानिकों का एक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क जिसके साथ हम काम करते हैं- की एक बैठक बुलाई। महीनों के गहन विचार-विमर्श के बाद, इस सप्ताह इसके निष्कर्ष प्रकाशित हुए, जिसमें यह परिणाम निकाला गया कि मानवता 'सीमाओं से परे जी रही है'। 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर चरम जलवायु घटनाएं, जैसे सूखा, बाढ़, आग और गर्म लहरों की संख्या बढ़ती हैं।



## ऑफ बीट

# क्या कौए सचमुच चतुर और बुद्धिमान होते हैं?

यह कोई रहस्य नहीं है कि कौए उल्लेखनीय संज्ञानात्मक क्षमताओं से संपन्न होते हैं। इंटरनेट कौए की आवाज की नकल करने या दिमाग लगाने वाले जटिल गेम को हल करने के वीडियो से भरा पड़ा है। लेकिन क्या ये पक्षी उतने ही बुद्धिमान हैं जितना उन्हें समझा जाता है? कठोर आवरणयुक्त फल तोड़ने वाली पहेली। कौए में बेहतर बुद्धि की अवधारणा का समर्थन करने के लिए सबसे अधिक उद्धृत अध्ययनों में से एक कौए द्वारा फल के कठोर आवरण युक्त फल (नट) को तोड़ने के लिए कारों का इस्तेमाल करना है। 1978 में, कैलिफोर्निया के शोधकर्ताओं ने देखा कि अमेरिकी कौए सड़क पर अखरोट फेंकते थे, फिर उनके किसी कार से कुचले जाने का इंतजार करते थे और फिर टूटे हुए फल खाते थे। हालांकि, शोधकर्ताओं ने पाया कि जब कोई कार आ रही थी तो कौए अपने आवरणयुक्त फल सड़क पर नहीं फेंकते थे। इसके अलावा अध्ययन किए गए 200 मामलों में से, शोधकर्ताओं ने कभी भी किसी कार को किसी फल के आवरण को कुचलते हुए नहीं देखा। इससे पता चला कि यह सिद्धांत कि कौए जानबूझकर कार को अखरोट तोड़ने के रूप में उपयोग कर रहे थे, वास्तव में गलत था।



## अपने विचार

### हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

## लाइफ Style

# साई

## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

एजेंसी ⏭ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'



## हॉलीवुड मसाला




# टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।




# आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



# नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



# एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

## टीवी मसाला




# शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।



# स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

# रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

## कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

# खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*


### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका

फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



### आर माधवन- वनराज

फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।



### बॉबी देओल- अबरार अहमद

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।



### संजय दत्त- कांचा

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



# राष्ट्रपति बुश को एलियन से मुलाकात की थी जानकारी, सीआईए ने क्यों छिपाया दुनिया से बड़ा सच?

**वॉशिंगटन।** एक डॉक्यूमेंट्री जिसका नाम द एज ऑफ डिस्क्लोजर है में दावा किया गया है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज एच. डब्ल्यू. बुश को 1964 में एक एलियन से मुलाकात की जानकारी दी गई थी। यह घटना न्यू मैक्सिको के होलोमन एयर फोर्स बेस पर हुई थी, जिसके बारे में न्यू यॉर्क पोस्ट में बताया गया है। इस डॉक्यूमेंट्री में खगोल वैज्ञानिक एरिक डेविस का इंटरव्यू दिखाया गया है। डेविस ने बताया कि, 2003 में एक निजी बातचीत के दौरान राष्ट्रपति बुश ने उन्हें खुद इस एलियन मुठभेड़ की घटना के बारे में बताया था। हालांकि, इसके लिए कोई ठोस सबूत नहीं दिखाया गया है।

## डॉक्यूमेंट्री में और क्या दावा किया गया?

रिपोर्ट में बताया गया कि इस डॉक्यूमेंट्री में भौतिक विज्ञानी और एएटीआईपी के पूर्व सदस्य हैल पुथॉफ की गवाही भी शामिल है। पुथॉफ ने दावा किया कि वैज्ञानिकों ने कई अलग-अलग प्रकार के एलियन प्राणियों को बरामद किया है। गैरी नोलन ने उन सैन्य कर्मियों की चोटों के बारे में बताया जिन्होंने दावा किया था कि अज्ञात हवाई घटनाओं के संपर्क में आ गए थे। इन चोटों में भयानक जलन और शरीर के अंदरूनी घाव शामिल थे।



## एलियन से मुलाकात का खुलासा

वैज्ञानिक एरिक डेविस ने 2007 में एडवांस्ड एयरोस्पेस थ्रेट आइडेंटिफिकेशन प्रोग्राम के लिए वैज्ञानिक सलाहकार के रूप में काम किया था। यह प्रोग्राम दिवंगत सीनेटर हैरी रीड द्वारा कांग्रेस में बनाया गया था। पूर्व नौसेना पायलट और सीआईए निदेशक रहे राष्ट्रपति बुश ने यह दावा किया था कि, 3 अंतरिक्ष यान होलोमन बेस पर पहुंचे थे जिसमें से 1 नीचे उतरा. इस यान से एक गैर-मानव प्राणी बाहर आया और वायु सेना और सीआईए के कर्मचारियों के साथ बातचीत भी की।

## इस डॉक्यूमेंट्री के निर्देशक ने क्या कहा?

डॉक्यूमेंट्री के डॉयरेक्टर डैन फराह को उम्मीद है कि उनकी यह फिल्म यूएफओ के रहस्यों को खोलने के आंदोलन को तेज करेगी। उनका लक्ष्य है कि फिल्म से प्रभावित होकर अमेरिकी राष्ट्रपति सार्वजनिक रूप से यह मान लें कि एलियन मौजूद हैं। मीडिया से बातचीत के दौरान डैन ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह हमें फिल्म एक नई जगह पर ले जाती है और राष्ट्रपति को मौका देती है कि वो माइक्रोफोन के पास आए और पूरी इंसानियत को बताएं कि हम अकेले नहीं हैं।

**अनोखा**

देखते ही रो पड़े वैज्ञानिक

# 13 साल की खोज के बाद मिला दुनिया का सबसे दुर्लभ फूल

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सुमात्रा में वैज्ञानिकों को एक अनोखा और दुर्लभ फूल मिला है, जिसकी तलाश वो पिछले 13 सालों से कर रहे थे। ऐसे में जब जंगलों में उन्हें ये फूल दिखा तो उनके आंसू छलक पड़े। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस फूल से सड़े हुए मांस की तरह बदबू होती है और इसी वजह से इसे कॉर्प्स फ्लावर यानी लाश का फूल भी कहा जाता है।

दरअसल, सुमात्रा में एक फूल खोजी की आंखों में तब आंसू आ गए जब उसने एक अत्यंत ही दुर्लभ प्रजाति का फूल देखा, जो एक दशक से भी अधिक समय की खोज के बाद उसे दिखा। उसके बाद इस पल को उसने अपने कैमरे में कैद कर लिया, जो देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में जीव विज्ञान के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. क्रिस थोरोगुड भी इस खोजी अभियान में शामिल थे। उन्होंने द पोस्ट को बताया कि 'ऐसे पल रोमांचकारी होते हैं।यह यात्रा कठिन थी और फूल इतना खास था कि हम इसे लेकर काफी भावुक हो गए थे।' इस फूल का नाम रैफ्लेशिया हैसेल्टी है, जो एक विशालकाय परजीवी लाल फूल की प्रजाति है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इंसानों की की तुलना में इसे बाघों द्वारा अधिक देखा गया है, क्योंकि यह सुमात्रा के वर्षावनों में पाया जाता है।

## सफेद और धब्बेदार है विशालकाय फूल

फूल का जो वीडियो शेयर किया गया है, उसमें टीम के साथी सदस्य और इंडोनेशियाई फ्लावर हंटर सेप्टियन 'डेकी' एंड्रीकीथ घुटनों के बल बैठे दिखाई देते हैं और इस दुर्लभ खोज पर खुशी से सिसक रहे हैं, जबकि थोरोगुड उन्हें दिलासा देते नजर आते हैं। इसके बाद ये विशालकाय सफेद-धब्बेदार फूल अपनी विशाल पंखुड़ियां फैलाता हुआ दिखाई देता है।



## एक कली विकसित होने में लगते हैं 9 महीने

न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, डॉ. क्रिस ने बताया कि 'इस फूल की एक कली को विकसित होने में 9 महीने तक लगते हैं और ये बस कुछ ही दिनों के लिए खिलती है। यह हमारी आंखों के सामने ही खिली'. ऑक्सफोर्ड बोटेनिक गार्डन एवं आर्बोरेटम के अनुसार, रैफ्लेसिया पूरी तरह से परजीवी है। यह अपना जीवन उष्णकटिबंधीय बेल की एक प्रजाति में बिताता है और सिर्फ खिलने के लिए ही जमीन के ऊपर दिखाई देता है।

## फूल की 40 से अधिक प्रजातियां

यह फूल भले ही दुनियाभर के वैज्ञानिकों को आकर्षित करता हो, लेकिन इसकी एक सबसे बुरी बात ये है कि यह बहुत ही बदबूदार होता है। इसकी बदबू सड़े हुए मांस की तरह होती है और इसी वजह से इसे कॉर्प्स फ्लावर यानी लाश का फूल भी कहा जाता है। हालांकि, इस फूल की गंध मक्खियों को खूब आकर्षित करती है। वैज्ञानिक बताते हैं कि इस फूल की 40 से अधिक प्रजातियां हैं। इंडोनेशियाई सुमात्रा का रैफ्लेसिया अर्नोल्डी नामक एक प्रजाति दुनिया का सबसे बड़ा फूल है, जिसका व्यास तीन फीट है।

# 9 बार फेल होने के बाद पास की मैट्रिक की परीक्षा, अब बना टीचर

**कुआलालंपुर।** कहते हैं कि किस्मत और काबिलियत में फर्क होता है, लेकिन मलेशिया के एक होनहार ने साबित कर दिया कि अगर हौसला बुलंद हो तो किस्मत भी झुक जाती है। एक शख्स, जो जन्म से ओकेयू पीड़ित था, यानी शारीरिक रूप से दिव्यांग। यानी उसे सीखने में बहुत दिक्कत होती थी, लिखने-पढ़ने में हाथ कांपते थे, याद रखना मुश्किल होता था। लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी।

शख्स ने मलेशिया की मलेशियाई माध्यमिक शिक्षा प्रमाणपत्र परीक्षा, जो भारत में 10वीं के बराबर है, दसवीं बार में पास किया। लोग ताने मारते थे। रिश्तेदार हंसते, दोस्त छोड़कर चले गए।



लेकिन, उसने हार नहीं मानी। 10वीं बार में आखिरकार वो पास हो गया। उसने अपनी मां से साफ़ कहा था कि ये उसका लास्ट अटेम्प्ट होगा। लेकिन, उसमें शख्स ने सफलता हासिल कर ली। इसके बाद का भी सफर आसान नहीं था। उसकी जर्नी उसकी बहन ने लोगों के साथ शेयर की, जो अब कई लोगों को इंस्पायर कर रही है।

## नहीं याद रहती थी पढ़ाई

अपनी बीमारी के कारण शख्स को पढ़ाई याद रखने में दिक्कत होती थी। जहां उसने दसवीं बार में टेंथ पास किया, वहीं ट्वेल्थ के लिए उसने दो बार अटेम्प्ट किया था। इसे मलेशियाई उच्च विद्लायीन परीक्षा कहते हैं। ये वो परीक्षा है जो मलेशिया में सबसे मुश्किल मानी जाती है। शख्स को इसमें इतने अच्छे मार्क्स मिले कि सीधे यूनिवर्सिटी में एडमिशन मिल गया। अब 37 साल की उम्र में डिग्री पूरी कर वो टीचर बन गए हैं।

## मुश्किल था सफर

अपनी पूरी जर्नी में शख्स ने संघर्ष किया। उसके साथ के स्टूडेंट्स 18-20 साल के थे, जबकि वो 30 पार कर चुके था। लेकिन, उसने कभी शिकायत नहीं की। आखिरकार 37 साल की उम्र में डिग्री पूरी की और सरकारी स्कूल में टीचर बन गया। आज वो हजारों बच्चों को पढ़ाते हैं। खास तौर पर उन बच्चों को जो दिव्यांग हैं या पढ़ाई में कमजोर हैं। वो हर बच्चे को अपना रियल-लाइफ उदाहरण देते हैं।

# पास्ता खाने से हुई बच्चे की मौत! फेफड़े में फंस गया था टुकड़ा



**लंदन।** एक मां की गोद हमेशा के लिए सूनी हो गई, क्योंकि किसी ने उसके नौ महीने के बच्चे को पास्ता खिला दिया था। जी हां, यूके के केंट में सितंबर 2021 की वो काली तारीख आज भी ओलिवर स्टीपर के माता-पिता को रुला देती है। ओलिवर सिर्फ 9 महीने का था। पेरेंट्स ने उसे नर्सरी स्कूल में छोड़ा और अपने काम पर चले गए। लंच में स्टाफ ने उसे बॉइल्ड पास्ता सर्व किया। लेकिन, ये ओलिवर की लास्ट मील साबित हुई। पास्ता का एक छोटा सा टुकड़ा गलती से बच्चे की सांस की नली में चला गया और फेफड़े में फंस गया। बच्चा सांस नहीं ले पाया। जब तक एम्बुलेंस आई, तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बच्चे की बॉडी में ऑक्सीजन की सप्लाई कम हो गई थी। डॉक्टर्स ने बताया कि पास्ता का टुकड़ा ब्रॉन्कस में अटक गया था, जिससे पूरा फेफड़ा ब्लॉक हो गया था। ओलिवर की मां लुईस स्टीपर उस दिन ऑफिस से जल्दी लौटने वाली थी। लेकिन, उसे क्या पता था कि ये आखिरी बार होगा जब वो अपने लाडले को जिंदा देखेगी।

## भारी पड़ गई लापरवाही

घटना वाले दिन डे-केयर से पेरेंट्स को कॉल गया कि ओलिवर को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। जब वो पहुंचे तो उनका बच्चा पहले ही अस्पताल पहुंच चुका था। कुछ घंटों बाद डॉक्टर्स ने हाथ खड़े कर दिए. बच्चे आईसीयू में था। छह दिन उसने मौत से जंग लड़ी, लेकिन आखिरकार हार गया। बच्चे के पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत की वजह सामने आई। एक छोटे से पास्ता के टुकड़े ने एक घर का चिराग बुझा दिया था। इसके बाद पेरेंट्स ने बच्चे को इन्साफ दिलाने के लिए कानूनी कार्यवाई शुरू की।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**एजूकेशन स्पेशल**

**प्रवेश प्रारंभ**
**श्री बालाजी इंस्टीट्यूट**
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
**श्री बालाजी हॉस्पिटल**
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

**Appointment आवश्यकता**

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- कंप्यूटर ऑपरेटर 3 सुरक्षा गार्ड 56 वेतन योग्यतानुसार (आवास फ्री ) संपर्क:- ALERT SGS PRIVATE LIMITED, FF 6 जे शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ 7747000019, 7747000016, 7746000016, 7746000019. (RO-348)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घर के कार्य करने हेतु एक महिला लड़की की आवश्यकता है (रहने की सुविधा उपलब्ध) संपर्क:- टाटीबंध रायपुर 8871001820.(RO-4039)

**ड्रायवर**

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें ) सैलरी 21,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222. (RO-18)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- फ्लावर शॉप में टाटा एस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसार वैध लाइसेंस के साथ संपर्क करें:- डॉल्फिन फ्लावर डेकोरेशन मानसपुरम चौरसिया कॉलोनी रायपुर 9302513487. (RO-374)

**ऑफिस/फील्ड कार्य**

आवश्यकता है- फाफाडीह/जेल रोड, रायपुर में ऑफिस व फील्ड कार्यों के लिए अनुभवी ऑफिस स्टाफ चाहिए। बीड़ी-सिगरेट व शराब-गुटखा आदि निषेध है। संपर्क: 9300593000. (RO-7237)

**कम्प्युटर ऑपरेटर**

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक लिमिटेड के गोडाउन में काम करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है। एक्सेल अनुभवी व पास में रहने वालों को प्राथमिकता। इंटरव्यू सुबह 10 से 12 बजे तक संपर्क:- वासु लॉजिस्टिक तेंदुआ रिंग रोड न.4, रायपुर। मोबाइल :- 7000681512, 7828901615. (RO-376)

**शिक्षक**

आवश्यकता है- नर्सिंग कॉलेज में बीएससी नर्सिंग टीचर्स की आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क:- वीपी कॉलेज, बांठिया हॉस्पिटल के पीछे राजा तालाब रोड़ रायपुर 98271-24600.(RO-375)

**केयर टेकर**

आवश्यकता है- कुत्ते के आश्रम में दयालु और जिम्मेदार स्टाफ चाहिए। कुत्तों को खाना देना, साफ सफाई, देख-भाल का कार्य. 10,000 मासिक वेतन, रहना व खाना उपलब्ध। चंदखुरी रायपुर, 7225888800. (RO-6951)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**दुकान कार्य/सेल्समैन**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायपुर) में काम करने के लिए लड़का/ लड़की की आवश्यकता एवं अनुभवी सेल्समैन की आवश्यकता है मो- 7067048454. (Ro-6574)

**ऑपरेटर/दुकान कार्य**

आवश्यकता है- थोक कपड़ा दुकान में स्टाफ की आवश्यकता है कम्प्युटर पर बिलिंग के लिए कम्प्युटर ऑपरेटर तथा दुकान कार्य हेतु 10 से 15 लड़के चाहिए। मिलने का समय दोपहर 3 से 6 बजे तक चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर डी 29- 30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658.(RO-7264)

**ऑफिस बॉय/ड्रायवर**

आवश्यकता है-ऑफिस ब्वाय एवं ड्राइवर चाहिए :- डेंटल क्लिनिक में कार्य करने हेतु ऑफिस ब्वाय चाहिए एवं एम्बुलेंस चलाने हेतु ड्राईवर चाहिए। संपर्क- सीता मेमोरियल डेंटल क्लिनिक, कृष्णा टाकीज के सामने,समता कॉलोनी, रायपुर 9993249054. (RO-694)

**सेल्समैन/सेल्सगर्ल**

आवश्यकता है- रेडीमेड दुकान में कार्य करने हेतु स्मार्ट एवं अनुभवी सेल्समैन एवं सेल्स गर्ल की आवश्यकता है समय दोपहर 12 से 3 बजे संपर्क करें :- राजेश कलेक्शन जवाहर बाजार के सामने मालवीय रोड़ रायपुर (RO-571)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान में कार्य करने के लिए कर्मचारियों की आवश्यकता है। वेतन 10,000 से15,000 तक। संपर्क करे:- जैन हार्डवेयर एंड टूल्स, बाम्बे मार्केट, रायपुर, 9229101124. (RO-398)

आवश्यकता है- दुकान/ गोडाउन में कार्य करने हेतु पांचवी पास 2- युवकों की आवश्यकता है. योग्यता: पांचवी पास सैलरी- 11000/- से 12000/- योग्यतानुसार। संपर्क - रायपुर कृषि केंद्र , शॉप नं.- 124, एस. के. प्लाजा कॉम्प्लेक्स, बॉम्बे मार्केट रायपुर (RO-16568)

**गोडाऊन/कम्प्युटर वर्क**

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडको की एवं टाटा एस के लिए ड्राइवर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर मो 9827168307. (RO-386)

**अकाउन्टेंट**

आवश्यकता है- सीनियर अकाउंटेंट चाहिए जिसको जीएसटी एवं टैलीप्राइम का अनुभव हो संपर्क करें राजा स्टील ट्रेडर्स कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली भिलाई बायोडाटा व्हाट्सएप करें 98261-38080.(आरो न.-693)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु 10वी, 12वी, स्नातक पास लड़कों की अवसकता है जो शहर से बाहर काम कर सके वेतन- 12000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री, ट्रेनिंग बाद 15,000 से 20000 महीने। संपर्क करें- 9893079683, 9109413530.(Ro-514)

आवश्यकता है- कलैरीस फार्मा प्राइवेट लिमिटेड में आफिस कार्य हेतु लड़कियों एवं गुड्स डिस्पेच हेतु योग्य की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- कलैरीस टॉवर गोंडवारा रायपुर 7000263019, 7803968699. (Ro-39220)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**खाना मिस्त्री**

आवश्यकता है- फैक्ट्री मेस कैन्टीन में काउन्टर में खाना देने हेतु लड़के, बर्तन, झाड़ू पोछा, किचन हेल्पर, खाना, नाश्ता मिस्त्री चाहिए रहने खाने की सुविधा, वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- 8871824812, 9993334937. (RO-39211)

**हेल्पर**

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम, बिजली की सुविधा फ्री पता- बंजारी मन्दिर के पास, रावाभाटा, रायपुर 7471176423. (RO-39200)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखइया बईगा सब्बो समस्या के समाधान काली माई की शक्ति ले पूजा-पाठ लड़ाई- झंझट जुन्ना बीमारी बैरी ले छुटकारा बिहाव मा देरी, लाइका होय मा देरी, पढ़ाई मा मन नई लागय ता एक बेर जरूर मिलव मो.- 8461886239.(RO-6573)

**Home Buildup भवन निर्माण**

भवन निर्माण- विभा कंस्ट्रक्शन कुशल इंजीनियर एवं वास्तु अनुरूप गृह निर्माण किया जाता हैं। 849 रूपये प्रति वर्गफीट से, सम्पर्क करें- 9407764797, 9301433491.(RO-6995)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**Sales बेचना**

**वाहन**

**वाहन बेचना है**
अशोक लीलैंड डाला बॉडी गाड़ियां बेचना है

| | |
|---|---|
| 2018 मॉडल BS 4 - 14 चक्का |
| 2020 मॉडल BS 4 - 16 चक्का |
| 2021 मॉडल BS 6 - 16 चक्का |
| 2022 मॉडल BS 6 - 16 चक्का |

संपर्क करें - सजल सरकार
9303907960
8435642826

**Property प्रापर्टी**

**कृषिभूमि**

कृषि भूमि बेंचना है- 01.50 एकड़ कृषि भूमि नवा रायपुर,केन्द्री में, रेलवे-स्टेशन से 1.5 कि.मी.। नहर व धरसा रोड पर 150' एवं 400' फ्रंट @ 99 लाख चुकता। शानदार मौका -7987504355, 7477202779. (RO-6575)

**प्लाट**

बेचना है- रायपुरा मंजीत हाईट्स के पास 20X58 =1160 डायवर्सन किया हुआ प्लॉट न्यूनतम दर पर बेचना है बैंक फाइनेंस उपलब्ध संपर्क करें:- 9300505421. (RO-379)

**For Rent किराया**

किराये से देना है- दुकान/ ऑफिस /बैंक /के लिए किराए से देना है कारपेट एरिया भूतल 1500 वर्गफीट प्रथमतल 1500 वर्गफीट राजा कम्प्लेक्स लक्ष्मी मार्केट गदा चौक के पास सुपेला भिलाई - 95168-51012 98261-32244.(आरो न.-692)

हरिभूमि

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




हरिभूमि क्लासीफाईड
विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

**Healthcare**

**इसे जरूर पढ़िये और समझिये**

आप सभी जानते हैं कि एच.आई.वी. (H.I.V.) रोग का कोई ईलाज नहीं है क्योंकि यह वायरस रोग है किसी भी प्रकार के वायरस को मारने की दवा आज तक नहीं बना है इसलिए कि वायरस की (बॉडी) शरीर होता ही नहीं इसलिए किसी भी प्रकार की दवा इसे मार नहीं सकता इसलिए यह जानलेवा है यदि बैक्टिरिया (जीवाणु) जन्य रोग है तभी यह ऐन्टिबायोटिक दवा से मारा जा सकता है अतः यह वायरस की बीमारी जिस किसी के शरीर में है उसका शरीर ही इसे नष्ट कर सकता है इसे ही इम्यूनोथेरिपी कहते हैं वह केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही संभव है कई लोग रोग मुक्त हो चुके हैं। क्या आपको किसी प्रकार के वायरस (बैक्टिरिया) संक्रमण रोग है जैसे हर्पिस रोग, स्त्री-पुरुष के गुप्तांग में दाने, फुंसी छाले, चमड़ी का फटना, खुजली, लाल होना, पेशाब में जलन या पीप आना, मुंह में छाले, पेट के दहिने तरफ दर्द हो तो यह हर्पिस रोग हेपेटाइटिस (ABC), सिफलिस, गौनोरिया (सुजाक) रुबेला या एच.आई.वी. (HIV, AIDS) रोग हो सकता है। ये लक्षण इसके प्रारंभिक संकेत हैं। तुरंत खून की जाँच करायें।

ध्यान रहे पुरुष के प्रकृति जन्य लिंग (इन्द्रिय) को बड़ा मोटा करने का आज तक कोई उपाय नहीं है, ये खुरापाती नीम हकीमों से सावधान। इन बीमारियों का स्थायी ईलाज इम्नुनो थैरिपी पर आधारित केवल रस-रसायन में ही हैं।

सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच. सी. अग्रवाल (एम.डी.)
निशांत अग्रवाल (फार्मा सांईटिस्ट)
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टॉकीज के सामने बजाज गोल्ड फाइनेंस के पीछे, दुर्ग
मो.- 94255-55659
96177-89223, 93032-42200
गुरूवार अवकाश, मिलने का समय : शाम 4 से 8

## खबर संक्षेप

### अदाणी ने ट्रेड कैसल टेक पार्क को खरीदा




**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की एक संयुक्त उद्यम कंपनी ने बुनियादी ढांचा डेवलपर ट्रेड कैसल टेक पार्क को 231.34 करोड़ रुपये में खरीद लिया है। ट्रेड कैसल टेक पार्क के पास काफी जमीन है। कंपनी ने बताया, ''अधिग्रहण का उद्देश्य बुनियादी ढांचा सुविधाएं स्थापित करना है।''

### टाटा केमिकल्स क्षमता बढ़ाने करेगी निवेश

TATA CHEMICALS LIMITED

**मुंबई।** टाटा केमिकल्स ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने गुजरात के मीठापुर और तमिलनाडु के कुड्डालोर में अपने संयंत्रों की विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 910 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने अपने संयंत्र में डेंस सोडा ऐश विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिए 135 करोड़ रुपये के निवेश को मंजूरी दी है।

### रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा

# अमेरिका के नए प्रतिबंधों से भारत में रूसी तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

*रूसी कच्चे तेल के प्रमुख निर्यातकों पर अमेरिका के नए प्रतिबंध पूरी तरह लागू होने के बाद ऊर्जा बाजार से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि भारत में रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा, हालांकि यह पूरी तरह बंद नहीं होगा।*

रॉसनेफ्ट और लुकोइल तथा उनकी बहुलांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू हो गए। इससे अब इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना या बेचना लगभग नामुमकिन हो गया है। भारत ने इस साल औसतन 17 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया और प्रतिबंधों से पहले यह मजबूत बना रहा।

### चार लाख बैरल प्रतिदिन आने कि उम्मीद

नवंबर में आयात 18–19 लाख बैरल प्रतिदिन रहने का अनुमान है, क्योंकि रिफाइनरी सस्ते तेल की खरीद को अधिकतम कर रहे हैं। आगे चलकर दिसंबर और जनवरी में आपूर्ति में स्पष्ट गिरावट आने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार यह घटकर लगभग चार लाख बैरल प्रतिदिन तक रह सकता है।

### अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हुई

अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हो गई है, हालांकि रूस की मध्यस्थों और वैकल्पिक वित्त प्रबंधन की क्षमता को देखते हुए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दी होगा।'' प्रतिबंधों के लागू होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल–मित्तल एनर्जी और मैंगलोर रिफाइनरी जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है।

### पिछले दो वर्षों से भारत को अच्छा मुनाफा दिया

विश्लेषकों का कहना है कि सस्ते रूसी तेल ने पिछले दो वर्षों में भारतीय रिफाइनरों को भारी मुनाफा दिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा। भारत अपनी तेल जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। नए अमेरिकी प्रतिबंधों के पूरी तरह लागू होने के साथ भारत का रूसी तेल आयात अस्थिर और अनिश्चित दौर में प्रवेश कर गया है।



- रुस से आयात का पूरी तरह बंद होगा संभव नहीं
- रॉसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू
- इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना व बेचना हुआ मुश्किल
- भारत ने इस साल औसत 17 लाख बैरल कच्चा तेल प्रतिदिन आयात किया

### यूक्रेन पर हमले के बाद से तेल आयात में वृद्धि

परंपरागत रूप से पश्चिम एशियाई तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस से अपने तेल आयात में काफी वृद्धि की। पश्चिमी प्रतिबंध और यूरोपीय मांग में कमी के कारण रूस से तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ। परिणामस्वरूप, भारत का रूसी कच्चा तेल आयात कुल आयात का एक प्रतिशत से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गया।

### नवंबर में रूस बड़ा आपूर्तिकर्ता बना

नवंबर में भी रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना रहा, जो कुल आयात का लगभग एक तिहाई है। केप्लर के रिफाइनिंग और मॉडलिंग के मुख्य अनुसंधान विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, ''हम निकट भविष्य में, विशेषकर दिसंबर और जनवरी में भारत के लिए रूसी कच्चे तेल के प्रवाह में स्पष्ट गिरावट की उम्मीद करते हैं।

### नयारा, रॉसनेफ्ट समर्थित

इस मामले में एकमात्र अपवाद नयारा एनर्जी है, जो रॉसनेफ्ट समर्थित है और यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद अन्य स्रोतों से आपूर्ति कटने के कारण रूसी तेल पर भारी निर्भर है। रितोलिया ने कहा, ''नयारा के वादीनेर संयंत्र को छोड़कर कोई भी भारतीय रिफाइनर ओएफएसी-नामित संस्थाओं से जुड़े जोखिम नहीं लेना चाहता। खरीदारों को अपने अनुबंध, आपूर्ति मार्ग, स्वामित्व और भुगतान चैनलों को पुनः व्यवस्थित करने में समय लगेगा।''

# भारत, इजरायल एफटीए को दो चरणों में लागू करेंगे




- दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिलेगा

एजेंसी ▶▶| जेरुशलम

भारत और इजरायल अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिल सके। यह बात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कही।

भारत और इजरायल ने इस समझौते के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे। इस टीओआर में माल के लिए बाजार पहुंच, शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना, निवेश सुगमीकरण, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग बढ़ाना तथा सेवा व्यापार को बढ़ावा देने के नियमों में ढील देना शामिल है। गोयल ने यहां कहा, ''हम इसे दो चरणों में करने पर विचार कर रहे हैं। वार्ता शुरू होने पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। दोनों मंत्री चाहते हैं कि पहला चरण जल्द पूरा हो जाए ताकि व्यापारिक समुदाय को जल्द फायदा मिलना शुरू हो जाए।'' मंत्री द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने इजरायल आए हैं। वह 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों ने संवेदनशील मुद्दों को अभी छूने से बचने का फैसला किया है।

### एक दूसरे के देशों में निवेश ला सकेंगे

गोयल ने कहा कि दोनों देश देखेंगे कि ''नवाचार और आरएंडडी किस तरह एक-दूसरे के देशों में ज्यादा निवेश ला सकते हैं। हम संयुक्त परियोजनाओं पर काम करेंगे, जहां हमें उनकी विशेषज्ञता का लाभ मिले और वे भारत जैसे बड़े बाजार का फायदा उठा सकें।''

## सामान्य बीमा कंपनियों के विलय पर विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- मंत्रालय बीमा कंपनियों को एकल इकाई में लाने का प्रस्ताव ला रही

वित्त मंत्रालय तीन सरकारी सामान्य बीमा कंपनियों को एकल इकाई में विलय करने के शुरुआती प्रस्ताव पर विचार कर रहा है, क्योंकि इनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। इस कवायद का मकसद बेहतर दक्षता और बड़ा पैमाना सुनिश्चित करना है। सरकार ने 2019-20 से 2021-22 के बीच ओरिएंटल इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस में कुल 17,450 करोड़ रुपये का निवेश किया था ताकि इन्हें वित्तीय संकट से बाहर निकाला जा सके। 2018-19 के बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इन तीनों कंपनियों को एक ही बीमा इकाई में मिलाने की घोषणा की थी। जुलाई 2020 में सरकार ने इस विचार को स्थगित कर दिया। तीनों कंपनियों में 12,450 करोड़ रुपये की पूंजी डालने को मंजूरी दी। सूत्रों के अनुसार अब इनकी वित्तीय स्थिति में सुधार आने के बाद वित्त मंत्रालय इनके विलय की प्रारंभिक समीक्षा कर रहा है ताकि इनकी कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके। सूत्रों ने बताया कि साथ ही, सरकार द्वारा घोषित एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण के प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है। अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और विभिन्न विकल्पों पर विचार जारी है।

***सामान्य बीमा कंपनियों के निजीकरण का रास्ता खुला :*** *वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021-22 के बजट में दो सरकारी बैंकों और एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण सहित बड़े निजीकरण एजेंडे की घोषणा की थी। इसके बाद अगस्त 2021 में संसद ने सामान्य बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक 2021 पारित किया, जिससे सरकारी सामान्य बीमा कंपनियों के निजीकरण का रास्ता खुल गया।*

## सेबी डिजिटल गोल्ड को विनियमित करेगी



**नई दिल्ली।** सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने स्पष्ट किया कि बाजार नियामक डिजिटल गोल्ड'' या ''ई-गोल्ड'' उत्पादों को विनियमित करने पर विचार नहीं कर रहा है, क्योंकि ये उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आते हैं। पांडेय ने रीट और इनविट पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान संवाददाताओं से अलग से बातचीत में कहा कि सोने से संबंधित विनियमित निवेश म्यूचुअल फंडों के एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के माध्यम से या अन्य व्यापार योग्य गोल्ड प्रतिभूतियों के माध्यम से किए जा सकते हैं। यह स्पष्टीकरण डिजिटल गोल्ड उद्योग द्वारा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) से डिजिटल गोल्ड मंच को औपचारिक विनियमन के तहत लाने का आग्रह किए जाने के कुछ दिनों बाद आया है।

# टाटा मोटर्स को घरेलू बिक्री पांच फीसदी बढ़ने की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की कुल बिक्री लगभग पांच प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है।

चंद्रा ने कहा कि त्योहारी सत्र खत्म होने के बाद भी दबी हुई मांग बहुत मजबूत बनी हुई है, इसलिए दूसरी छमाही में दो अंकों की वृद्धि होने की पूरी संभावना है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान बिक्री में सालाना आधार पर 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी और त्योहारी मौसम में ही घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में सुधार हुआ। चंद्रा ने विश्लेषकों से बातचीत में कहा कि अक्टूबर-मार्च में बिक्री दो अंकों में बढ़नी चाहिए। उन्होंने बताया कि त्योहारी मांग की वजह से सितंबर में उद्योग को पांच प्रतिशत और अक्टूबर में 17 प्रतिशत की वृद्धि मिली थी। नवंबर और दिसंबर में भी दबी हुई मांग मजबूत है।

### कारोबार के लिहाज से बिजनेस अच्छा

इसलिए दोनों महीने कारोबार के लिहाज से बहुत अच्छे रहेंगे। उन्होंने कहा, ''चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में त्योहारों से पहले 1.6 प्रतिशत की गिरावट आई थी, इसलिए पूरे साल में वृद्धि करीब पांच प्रतिशत के दायरे में रहेगी।'कंपनी की योजनाओं के बारे पूछने पर चंद्रा ने कहा कि मजबूत मांग का फायदा उठाते हुए हम वृद्धि की गति बनाए रखेंगे।




## विदेशी निवेशक इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- आर्थिक आंकड़े, वैश्विक रुझान से तय करेंगे बाजार की दिशा

विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, ''इस सप्ताह नवंबर में खत्म होने वाले वायदा सौदों से पहले उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है।

घरेलू स्तर पर बाजार दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और औद्योगिक उत्पादन जैसे बड़े आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन और वहां के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे। ये संकेत निकट भविष्य में जोखिम की भावना तय करेंगे और विदेशी पूंजी प्रवाह को प्रभावित करेंगे।''

### सेंसेक्स व निफ्टी ने बनाया नया उच्चतम स्तर

पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 669.14 अंक या 0.79 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 158.1 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। इसबीच 20 नवंबर को सेंसेक्स ने 85,801.70 और निफ्टी ने 26,246.65 का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर बनाया।

### मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है

जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अगर रुपये पर दबाव बना रहा तो निकट भविष्य में बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। आने वाले सप्ताह में निवेशक व्यापारिक घटनाक्रम, आईआईपी और जीडीपी आंकड़ों पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे।'' निवेशक ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर के विनिमय दर पर भी पैनी नजर रखेंगे।

## होंडा ने बंद किया 'एक्टिवा ई' और 'क्यूसी1' इलेक्ट्रिक स्कूटर का उत्पादन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर मार्केट में लगातार चुनौतियों का सामना कर रही होंडा कंपनी ने अपने दो इलेक्ट्रिक स्कूटर एक्टिवा ई और क्यूसी1 का प्रोडक्शन अगस्त 2025 से बंद कर दिया है। ये दोनों स्कूटर इसी साल जनवरी में लांच किए गए थे। एक्टिवा ई की एक्स-शोरूम कीमत 1.17 लाख रुपए और क्यूसीवन का एक्स-शोरूम प्राइस 90,000 रुपए था। होंडा जैसे बड़े ब्रांड से उम्मीद थी कि ये स्कूटर हिट साबित होंगे और इनकी खूब बिक्री होगी। हालांकि, सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के डेटा से पता चला है कि कंपनी ने अगस्त 2025 से इन स्कूटरों को बनाना बंद कर दिया है।

### उत्पादन बंद करने की वजह

दोनों की कम बिक्री इनके उत्पादन बंद होने की सबसे बड़ी वजह बनी। होंडा कंपनी के दोनों स्कूटरों की खूब बिक्री होगी। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं। ग्राहकों को ये स्कूटर ज्यादा पसंद नहीं आए या कहें कि लुभा नहीं पाए। फरवरी से जुलाई 2025 के बीच इन स्कूटर्स का कुल उत्पादन 11,168 यूनिट्स था। लेकिन डीलरों को केवल 5,201 यूनिट्स ही भेजी गईं। इसका मतलब है कि बनाई गई यूनिट्स में से आधे से ज्यादा अभी भी बिके बिना इन्वेंटरी के रूप में पड़े हैं। संभवत यही कारण है कि होंडा ने दोनों स्कूटर्स का उत्पादन रोक दिया है।





# ऑस्ट्रेलियाई ओपन : लक्ष्य सेन बने चैंपियन, 38 मिनट चले मुकाबले में युशी तनाका को हराया

एजेंसी ▶▶| सिडनी

भारत के लक्ष्य सेन ने 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया।

### इस सत्र में मैंने काफ़ी उतार-चढ़ाव देखे : लक्ष्य

*लक्ष्य ने कहा, 'इस सत्र में मैंने काफ़ी उतार-चढ़ाव देखे। सत्र की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं। लेकिन मैंने पूरे सत्र में कड़ी मेहनत की और अब जीत के साथ सत्र का अंत करके मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं और अगले सत्र का इंतजार कर रहा हूं। इस टूर्नामेंट में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं।'*



### खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय

*विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेजतर्रार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था।*

### लक्ष्य ने की आत्मविश्वास से भरी शुरुआत

लक्ष्य ने आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और 6-3 की बढ़त बना ली, जबकि तनाका ने कई गलतियां कीं। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और तनाका ने अंतर 7-9 कर दिया, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने एक और शॉट नेट पर उलझा दिया, जिससे भारतीय खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली। लक्ष्य का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय दर्शक मौजूद थे और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। तनाका ने अपने जोरदार स्मैश और लक्ष्य की एक गलती का फायदा उठाकर स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन लक्ष्य ने जापान के खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया तथा बैकहैंड स्मैश और एक और ज़बरदस्त क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ 17-13 से चार अंकों की बढ़त बना ली। लक्ष्य ने इसके बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और तनाका की एक और गलती से पहला गेम अपने नाम कर दिया।

## खबर संक्षेप



### देवंदा ने बनाया रिकॉर्ड जीती अल्ट्रा चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** भारत के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने कहा, 'अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने 6:59:37 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीत ली।' भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में सौरव कुमार रंजन, गीनो एंटनी, वेलु पेरुमल, योगेश सनप, जयद्रथ, आरती झंवर, रणजी सिंह, सिंधु उमेश, नामग्याल ल्हामो और तेनजिन डोल्मा शामिल हैं।

## गुवाहाटी टेस्ट दूसरा दिन: मुथुसामी ने जड़ा अपने टेस्ट करियर का पहला शतक

# साउथ अफ्रीका ने कसा शिकंजा, खड़ा किया 489 का स्कोर, 480 रनों से पीछे टीम इंडिया

एजेंसी ▶▶| गुवाहाटी

सेनुरन मुथुसामी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया जबकि मार्को यानसन केवल सात रन से यह उपलब्धि हासिल करने से चूक गए लेकिन इन दोनों की शानदार पारियों की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को अपनी पहली पारी में 489 रन का विशाल स्कोर बनाया। मुथुसामी ने 206 गेंद पर 109 रन बनाए, जिसमें 10 चौके और दो छक्के शामिल हैं। यानसन ने भारतीय स्पिनरों को निशाने पर रखकर 91 गेंद पर छह चौकों और सात छक्कों की मदद से 93 रन की तूफानी पारी खेली। इन दोनों ने आठवें विकेट के लिए 97 रन जोड़कर दक्षिण अफ्रीका का बड़ा स्कोर सुनिश्चित किया। भारत ने इसके जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी पहली पारी में 6.1 ओवर में बिना किसी नुकसान के नौ रन बनाए हैं। यशस्वी जायसवाल (नाबाद सात) और केएल राहुल (नाबाद दो) बनाकर पिच पर है।



सेनुरन मुथुसामी | मार्को यानसन

### यानसन ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

*साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज मार्को यानसन ने भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में इतिहास रच दिया। उन्होंने साउथ अफ्रीका की पहली पारी में जबरदस्त खेल दिखाते हुए आतिशी अर्धशतक लगाया। यानसन 93 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने 91 गेंद का सामना किया और छह चौके व सात छक्के लगाए। यह उनका टेस्ट क्रिकेट में भी सर्वोच्च स्कोर रहा। मार्को यानसन ने सात छक्कों के जरिए वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया। वे टेस्ट में नंबर नौ पर खेलते हुए एक पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने। दिलचस्प बात है कि भारत के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट से पहले यानसन के नाम 31 टेस्ट पारियों में केवल छह ही छक्के थे।*

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मारक्रम बो बुमराह | 38 | 81 | 5 | 0 |
| रिकलटन का पंत बो कुलदीप | 35 | 82 | 5 | 0 |
| स्टब्स का राहुल बो कुलदीप | 49 | 152 | 4 | 2 |
| बावुमा का जायसवाल बो जडेजा | 41 | 92 | 5 | 0 |
| जॉर्जी का पंत बो सिराज | 28 | 59 | 3 | 1 |
| मुल्डर का जायसवाल बो कुलदीप | 13 | 18 | 2 | 0 |
| मुथुसामी का जायसवाल बो सिराज | 109 | 206 | 10 | 0 |
| काइल वेरेने स्ट पंत बो जडेजा | 45 | 122 | 5 | 0 |
| मार्को यानसेन बो कुलदीप | 93 | 91 | 6 | 7 |
| सिमोन हार्मर बो बुमराह | 05 | 25 | 0 | 0 |
| केशव महाराज नाबाद | 12 | 31 | 0 | 1 |

अतिरिक्त : 21

कुल योग : 151.1 ओवर में 489 रन पर सभी आउट

गेंदबाजी : बुमराह 32-10-75-2, सिराज 30-5-106-2, रेड्डी 6-0-25-0, सुंदर 26-5-58-0, कुलदीप 29.1-4-115-4, जडेजा 28-2-94-2

| भारत की पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| जायसवाल खेल रहे हैं | 07 | 23 | 1 | 0 |
| राहुल खेल रहे हैं | 02 | 14 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 00

कुल योग : 6.1 ओवर में बिना विकेट गंवाए 09 रन

गेंदबाजी : मार्को यानसेन 3.1-1-9-0, वियान मुल्डर 3-3-0-0,

# भारत ने जीता पहला दृष्टिबाधित टी20 महिला क्रिकेट विश्व कप



एजेंसी ▶▶| कोलंबो

भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही।

### सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था

भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था। सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।



The product shown may vary from the actual product available in the market. Accessories shown may not be part of the standard equipment.
Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) 122050, India; Website: www.honda2wheelersindia.com; Customer Care: customercare@honda.hmsi.in

होंडा अधिकृत विक्रेता : रायपुर : ए सिटी होंडा - 9785823333, ग्रैंड होंडा - 0771-4033794, वरूण होंडा - 0771-4005901, जी.के. होंडा - 8058254444, आरंग: वी श्री होंडा - 9893728947, भिलाई: आन होंडा (पॉवर हाऊस): 0788-4013336, 9584378238, जुनवानी रोड (फरीद नगर मैदान के सामने) - 6269092899, नंदिनी रोड (बैंक ऑफ बडौदा के पास) - 6269090005, हाऊसिंग बोर्ड (एकता चौक) 6269090006, कोहका (रूंगटा रोड) 6269090004, नेहरू नगर (नेहरू नगर चौक) 8518020999, दुर्ग: श्री सांईराम होंडा (स्टेशन रोड) - 0788-4017246, 8458882333, रिसाली (कृष्णा टाकीज रोड) - 0788-4067690, 8823050333, बोरसी (एसबीआई बैंक के पास) - 0788-4058968, 8823050444, राजनांदगांव: अंशदीप होंडा - 07744-223100, मनराज होंडा - 07744-223333, महासमुंद: श्री आर्यन होंडा - 9425204997, दल्लीराजहरा: श्री शुभ होंडा - 7587764225, 9406082344, बालोद (गंजपारा)- 9425564232, बलौदा बाजार: किरण होंडा - 7049518181, कवर्धा: प्रथा होंडा- 7400550099, बेमेतरा : श्री रामा होंडा - 7824222521, धमतरी: श्री श्याम होंडा- 07722-233255, जगदलपुर: वाहेगुरू होंडा - 8435090001, कोंडागांव: दंतेश्वरी होंडा- 8517909999, कांकेर : शिवनाथ होंडा - 9644059600, 8720008800, 7970005301 For Bulk / Institutional enquiries, please write us at : institutionalsales@honda2wheelersindia.com Embassy

## परियोजनाओं की होगी ऑनलाइन निगरानी

**नई दिल्ली।** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) जल्द ही अपनी सभी परियोजनाओं की तत्काल निगरानी के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली लागू करने जा रहा है। गौरतलब है कि एएआई हर साल पूंजीगत व्यय पर बड़ी राशि खर्च करता है।

प्राधिकरण न सिर्फ हवाई अड्डों का विकास और रखरखाव करता है, बल्कि हवाई यातायात प्रबंधन सेवाएं भी देता है। एएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस ऑनलाइन निगरानी प्रणाली पर पिछले एक साल से काम चल रहा है और इसे आने वाले कुछ सप्ताहों में पेश कर दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं की तत्काल निगरानी करना है, ताकि हर वक्त प्रगति की जांच की जा सके और कार्यान्वयन में कोई देरी न हो। यह ऑनलाइन निगरानी प्रणाली सीसीटीवी छवियों, ड्रोन से ली गई तस्वीरों और वीडियो तथा अन्य साधनों का उपयोग करेगी।

## इंडिगो का विमान पक्षी से टकराकर क्षतिग्रस्त

**ऋषिकेश।** उत्तराखंड के देहरादून में ऋषिकेश के निकट जॉलीग्रांट हवाई अड्डे के रनवे पर मुंबई से यात्रियों को लेकर आया एक विमान पक्षी से टकराने के कारण क्षतिग्रस्त हो गया। अधिकारियों ने बताया कि विमान में मौजूद सभी 186 यात्री सुरक्षित हैं।

उन्होंने बताया कि घटना शाम करीब पौने सात बजे हुई जब मुंबई से यात्रियों को लेकर देहरादून पहुंची इंडिगो की उड़ान आईजीओ 5032 के रनवे पर उतरने के बाद एक पक्षी विमान की नोज से टकरा गया जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गयी। अधिकारियों ने बताया कि विमान में मौजूद सभी यात्री सुरक्षित हैं। इंडिगो की एयरबस-320 के उतरने के बाद अधिकारियों ने उसकी गहन जांच की और रनवे की भी सुरक्षा जांच की। इस विमान के क्षतिग्रस्त हो जाने के बाद इंडिगो देहरादून से मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए अलग से एक अन्य विमान की व्यवस्था कर रही है।







हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com